


बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) में एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 13 मई 2026 | दिन - बुधवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 105 | मूल्य - 5 रुपये






HONDA




हर हिन्दुस्तानी की पहली पसंद इंडिया का
नंबर 1 स्कूटर




इंस्टेंट कैशबैक ₹5000# | न्यूनतम ब्याज दर @6.99%* | लोन 100%* तक | बिना हाइपोथिकेशन* | 3+7* 10 साल की वारंटी उपलब्ध

सिर्फ आधार कार्ड लाये और 0 डाउन पेमेंट
पर अपना पसंदीदा होंडा वाहन ले जाईये ...*

ड्रीम्स होंडा गोंदिया रोड, बालाघाट
8349272776, 8349032276

नियम एवं शर्तें लागू*

बैहर 8269793376 | कटंगी 8109182276 | वारासिवनी 9893782276 | लालबर्रा 8461905148 | किरनापुर 8085882276 | लांजी 8827156863 | बिरसा 9669526297 | चांगोटोला 8959143504 | खैरलांजी 8962992776



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
# जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## पलारी टेकरी शनिधाम में धूमधाम से मनाया जाएगा शनि जयंती महापर्व..

**विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण..**

जगप्रेरणा सिवनी।

*पलारी टेकरी स्थित प्रसिद्ध शनिधाम मंदिर में शनिजयंती महापर्व श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा मंदिर परिसर में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा।*

आयोजन समिति ने जिलेभर के श्रद्धालु भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

कार्यक्रम की मंगल बेला में सर्वप्रथम भगवान शनिदेव का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात जनमानस की सुख-समृद्धि एवं बाधा निवारण हेतु सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। तत्पश्चात शनिधाम पलारी टेकरी में दोपहर 3:00 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है, जिसमें श्रद्धालुजन प्रसादी ग्रहण करेंगे।

### धार्मिक आस्था के साथ पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो रहा शनिधाम..

आयोजन समिति के अनुसार शनिधाम पलारी टेकरी वर्तमान में निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। यह स्थल धार्मिक आस्था के साथ-साथ पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित किया जा रहा है। ट्रस्ट द्वारा यहां प्राकृतिक सौंदर्य, श्रद्धालुओं की सुविधा, आमोद-प्रमोद एवं धार्मिक वातावरण को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। मंदिर परिसर, पहुंच मार्ग एवं नक्षत्र वाटिका बच्चों के मनोरंजन, सुंदर वृक्षारोपण अन्य स्थलों का सौंदर्यीकरण भी कराया गया है।यह स्थल एक रमणीय पहाड़ी के रूप में विकसित किया गया है ।





### शनि जयंती पर लोकार्पण एवं भूमिपूजन..

आयोजन समिति ने बताया कि विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा शनिधाम मंदिर के विकास में निरंतर सहयोग प्रदान किया जा रहा है। शनि जयंती पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु टीनशेड, सार्वजनिक गार्डन का लोकार्पण एवं अतिरिक्त कक्ष तथा तोरण द्वारा का भूमि पूजन भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती बिसेन एवं विधायक दिनेश राय मुनमुन की उपस्थिति में संपन्न होगा।

### सांसद निधि से सांस्कृतिक भवन का हुआ निर्माण..

शनिधाम पहाड़ी के सुव्यवस्थित विकास से प्रभावित सांसद श्रीमती भारती पारधी द्वारा भी सहयोग प्रदान किया जा रहा है उनके द्वारा सांसद निधि से सांस्कृतिक भवन प्रदान किया गया है जिसका सुंदर निर्माण किया गया है और जो इस स्थल को व्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण है ।

### महंत रामपुरी जी महाराज के सानिध्य में होंगे धार्मिक आयोजन..

यह संपूर्ण धार्मिक आयोजन महंत रामपुरी जी महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा। दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों का संचालन पंडित अंशु तिवारी, पंडित शिवप्रसाद मिश्रा एवं पंडित अभिषेक तिवारी की उपस्थिति में विधि-विधानपूर्वक कराया जाएगा।

### महिलाओं द्वारा होगा वट सावित्री पूजन एवं रामायण मंडल..

शनिजयंती महापर्व के अवसर पर सौभाग्यवती महिलाओं द्वारा पति की दीर्घायु एवं सुख-समृद्धि की कामना के लिए वट सावित्री पूजन किया जाएगा। साथ ही महिला समिति द्वारा रामायण मंडल का आयोजन भी रखा गया है, जिसमें धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

### भजन संध्या और देवी जागरण की होगी विशेष प्रस्तुति..

श्रद्धालुओं के लिए शाम को भव्य भजन संध्या एवं देवी जागरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अशोक अकेला द्वारा भक्तिमय प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर रहेगा।

### ट्रस्ट एवं भंडारा समिति ने की उपस्थिति की अपील..

समस्त धार्मिक एवं विकास कार्यों के अवसर पर ट्रस्टी संतोष अग्रवाल एवं भंडारा समिति ने जिलेभर के श्रद्धालु भक्तों से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## विभिन्न विकास कार्यों का आज होगा भव्य शिलान्यास

जगप्रेरणा छपारा।

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसरंचना योजना के अंतर्गत नगर परिषद छपारा में स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास समारोह 13 मई 2026, बुधवार को आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन शाम 6:00 बजे बैनगंगा तट स्थित गोल्डन टेम्पल घाट पर होगा।

### प्रमुख विकास कार्यों की सौगात..

इस योजना के तहत नगर के विकास के लिए छह महत्वपूर्ण कार्यों की आधारशिला रखी जाएगीः

गोल्डन टेम्पल घाट पर स्नान घाट और रेस्ट हाउस का निर्माण। बैनगंगा तट रेस्ट हाउस के पास शेड, सभा मंच एवं सौंदर्यीकरण कार्य। सामुदायिक भवन से शिव मंदिर मार्ग पर प्रोटेक्शन वॉल एवं सी.सी. रोड निर्माण। राम मंदिर सामुदायिक भवन में अतिरिक्त निर्माण कार्य। वार्ड नं. 3 बड़ा बगीचा हनुमान मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक एवं समतलीकरण। अपर बैनगंगा कॉलोनी स्थित इंडोर स्टेडियम में बाउंड्रीवाल एवं अन्य अतिरिक्त कार्य।

### दिग्गज नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति..

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फग्गन सिंह कुलस्ते (सांसद, लोकसभा क्षेत्र सिवनी-मंडला), रजनीश हरवंश सिंह (विधायक, केवलारी) और श्रीमती मीना बिसेन (जिला अध्यक्ष, भाजपा) रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश राय 'मुनमुन'(विधायक, सिवनी) द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती मुकेश डहेरिया, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया सहित नगर परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और समस्त पार्षदगण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### जनभागीदारी की अपील..

मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं सनातन धर्म सभा, हनुमान सेवा समिति, माँ बैनगंगा महाआरती समिति और गोल्डन टेम्पल धर्मार्थ ट्रस्ट के सदस्यों ने समस्त नगरवासियों से इस गौरवशाली क्षण का साक्षी बनने और कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद
7898530101

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

## शांति, प्रेम और मानवता के अग्रदूतः श्री श्री रवि शंकर जी

**13 मई : जन्मोत्सव पर विशेष लेख..**



जगप्रेरणा सिवनी।

*दुनिया को 'वसुधैव कुटुंबकम' (संपूर्ण विश्व एक परिवार है) के सूत्र में पिरोने वाले, 'आर्ट ऑफ लिविंग' के संस्थापक और वैश्विक आध्यात्मिक गुरु, श्री श्री रवि शंकर जी* का जन्मोत्सव हर वर्ष 13 मई को पूरे विश्व में 'सेवा और साधना दिवस' के रूप में मनाया जाता है। उनका संपूर्ण जीवन मानवता के कल्याण, मानसिक शांति और हिंसा मुक्त समाज के निर्माण के लिए समर्पित है।

### प्रारंभिक जीवन और आध्यात्मिक यात्रा..

13 मई 1956 को तमिलनाडु के पापनाशम में जन्मे श्री श्री रवि शंकर जी बचपन से ही विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। मात्र चार वर्ष की आयु में उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का पाठ करना प्रारंभ कर दिया था। उन्होंने वैदिक ज्ञान के साथ-साथ आधुनिक विज्ञान (भौतिकी) में भी स्नातक की उपाधि प्राप्त की, जो उनके विचारों में प्राचीन ज्ञान और आधुनिक तर्क का एक अनूठा संगम दर्शाती है।

### 'आर्ट ऑफलिविंग' और सुदर्शन क्रिया का उदय..

वर्ष 1981 में उन्होंने 'आर्ट ऑफलिविंग' (जीने की कला) फाउंडेशन की स्थापना की। कर्नाटक के शिमोगा में दस दिनों के मौन के दौरान उन्हें 'सुदर्शन क्रिया' का आत्मबोध हुआ। यह श्वास की एक ऐसी लयबद्ध तकनीक है, जो शरीर और मन के तनाव को गहराई से दूर करती है। आज 180 से अधिक देशों में करोड़ों लोग इस क्रिया के माध्यम से अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला चुके हैं।

### विश्व शांति और सामाजिक सुधार के स्तंभ..

श्री श्री केवल एक आध्यात्मिक शिक्षक ही नहीं, बल्कि एक महान शांतिदूत भी हैं। उनके द्वारा किए गए प्रमुख कार्य निम्नलिखित हैं:

**द्वंद्व समाधानः** कोलंबिया के गृहयुद्ध से लेकर इराक, हाथी और कश्मीर जैसे अशांत क्षेत्रों में उन्होंने शांति वार्ता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**मानवीय सेवाः** शिक्षा, ग्रामीण विकास, और नदी पुनरुद्धार जैसे क्षेत्रों में उनके संस्थान ने अभूतपूर्व कार्य किए हैं। **कैदी पुनर्वासः** जेल के कैदियों के मानसिक परिवर्तन के लिए चलाए गए उनके कार्यक्रमों ने लाखों अपराधियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ा है।

### अहिंसा और तनाव मुक्त समाज का संदेश..

गुरुदेव का मानना है कि 'तनाव मुक्त मन और हिंसा मुक्त समाज' हर मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार है। उनका सरल संदेश है कि जब तक हमारा मन शांत नहीं होगा, हम विश्व में शांति स्थापित नहीं कर सकते। वे कहते हैं– 'प्रेम और सेवा ही जीवन का वास्तविक सार है।'

### हमारा संकल्प.

आज उनके जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने जीवन में ध्यान, प्राणायाम और सेवा को अपनाएंगे। श्री श्री रवि शंकर जी का जीवन हमें सिखाता है कि किस प्रकार एक मुस्कुराहट के साथ बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। **'मानवता का उत्सव ही मेरा उत्सव है।' – श्री श्री रवि शंकर।**

## नवागत कलेक्टर नेहा मीणा के आते ही, 3 माह बाद जागे अधिकारी, शिकायत पर हुई जांच

### बरघाट में निर्माणाधीन छात्रावास भवन की 11 मई 2026 को हुई जांच..





जगप्रेरणा सिवनी।

जिले के बरघाट विकासखंड अंतर्गत बरघाट में करोड़ों रुपए की लागत से ट्राइवल विभाग से स्वीकृत शासकीय आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास बिल्डिंग बनाई जा रही है। बिल्डिंग की गुणवत्ता और अनियमितताएं की शिकायत सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई में लगातार शिकायत कर प्रशासन को निर्माण कार्य एजेंसी लापरवाही से अवगत कराया गया है।

शिकायतकर्ता बलराम नाग ने बताया कि उसके द्वारा 3 माह से लगातार शिकायत की जा रही है। पहली शिकायत माह 14 फरवरी 2026 से अप्रैल 2026 तक सीएम हेल्पलाइन और 4 बार जनसुनवाई में सिवनी कलेक्टर को लिखित शिकायत दी गई है। नवागत कलेक्टर नेहा मीणा को अप्रैल माह में दी गई शिकायत के बाद 11 मई 2026 को सीनियर कन्या छात्रावास बिल्डिंग बरघाट की जांच करने पहुंचे अधिकारी डीडी उपाध्याय एसडीओ ने शिकायतकर्ता बलराम नाग के समक्ष जांच कर निर्माण स्थल से बिल्डिंग में उपयोग किए जा रहे मटेरियल के सैंपल जांच के लिए साथ में ले गए। जांच के दौरान निर्माण कार्य एजेंसी ठेकेदार के समक्ष जांच पूर्ण कर जांच पंचनामा कार्यवाही की गई है ।

### जांच अधिकारी ने मटेरियल के सैंपल साथ ले गए..

बरघाट में निर्माणाधीन आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास भवन की जनसुनवाई में शिकायत के बाद 11 मई 2026 सोमवार की शाम को बरघाट पहुंची जांच टीम ने शिकायतकर्ता बलराम नाग के समक्ष सभी बिंदुओं पर जांच कर पंचनामा कार्यवाही की गई। शिकायतकर्ता ने जांच अधिकारी को अवगत कराते हुए बताया कि उसके द्वारा 14 फरवरी 2026 से लगातार शिकायत की गई है सीएम हेल्पलाइन में एक बार और जनसुनवाई में 4 बार शिकायत की गई है चौथी शिकायत के बाद जांच हो रही है, मौके पर उपस्थित जांच दल ने सभी बिंदुओं पर जांच करते हुए बिल्डिंग का निरीक्षण किया।

शिकायतकर्ता बलराम नाग ने जांच अधिकारी एसडीओ डीडी उपाध्याय को बताया कि निर्माण स्थल पर टेस्टिंग लैब नहीं है, बिल्डिंग निर्माण में अलग अलग कंपनी की सीमेंट का इस्तेमाल किया गया है, बिल्डिंग की दीवार उठने के एक दिन बाद ही प्लास्टर कर दिया गया, दीवार की तराई ना होने के कारण दीवार मजबूत नहीं हो पाई है, और बताया कि मिट्टी युक्त रेत का इस्तेमाल किया गया है, दीवार उठाने घटिया सीमेंट ईट का इस्तेमाल किया गया है, बिल्डिंग की दीवार में की गई छपाई पूर्ण रूप से मजबूत नहीं है। बिल्डिंग निर्माण में अनेकों अनियमितताएं है, बिल्डिंग निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल से बिल्डिंग मजबूत नहीं बन पाई है।

शिकायत के आधार पर जांच अधिकारी ने निर्माण स्थल से बिल्डिंग में उपयोग किए जा रहे मटेरियल के सैंपल जांच के लिए साथ में ले गए। जांच अधिकारी ने बिल्डिंग के सामने दीवार में हुई छपाई को देख नाराजगी जताई है और दीवार पर हाथ लगाते ही सीमेंट रेत का मसाला झड़ने लगा था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि पहली शिकायत के 3 माह बाद जांच होने के कारण निर्माण कार्य एजेंसी ठेकेदार को साक्ष्य मिटाने का मौका मिलने से जांच से शिकायतकर्ता पूरी तरह संतुष्ट नहीं है। फरवरी माह में शिकायत के तुरंत बाद जांच होती तो कई खामियां सामने आती।

हालांकि जांच अधिकारी ने शिकायतकर्ता को आश्वस्त करते हुए कहा कि जांच निष्पक्ष होगी। शिकायतकर्ता बलराम नाग ने जिला कलेक्टर से की गई शिकायत पर निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही की मांग की गई है।

## बरघाट पुलिस को मिली सफलताः ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार..

### चोरी गया 30 लीटर ऑयल, मोटरसाइकिल व मोबाइल जप्त, आरोपियों को भेजा गया जेल..





जगप्रेरणा सिवनी।

*पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना बरघाट पुलिस द्वारा*

विद्युत ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। दिनांक 11.05.2026 को कनिष्ठ अभियंता नरेन्द्र कुमार ठाकरे, म. प्र. पू. क्षे. वि. वि. कं. लि. बरघाट द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम मंडी छुई टोला में स्थापित 25 केव्हीए का ट्रांसफार्मर **Make-JAY BEE INDUSTRIES,** क्रमांक 2516/454 से रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा करीब 100 लीटर ट्रांसफार्मर ऑयल चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर थाना बरघाट में अपराध क्रमांक 254/2026 धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बरघाट ललित गठरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मोहनीश सिंह बैस द्वारा विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश प्रारंभ की गई। मुखबिर सूचना पर दिनांक 12.05.2026 को ग्राम मानेगांव रोड स्थित मोक्षधाम के पास से तीनों आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि तेल निकालते समय ट्रांसफार्मर फट गया था, जिससे शेष ऑयल मौके पर ही गिर गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गया 30 लीटर ट्रांसफार्मर ऑयल बरामद किया गया।

### गिरफ्तार आरोपी..

नीतेश पिता डोलीराम राउत, उम्र 25 वर्ष, निवासी मोहगांव, थाना लालबर्रा, जिला बालाघाट, महेन्द्र पिता शंकरलाल कुपाले, उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम बरहोली, थाना बरघाट, जिला सिवनी, धर्मेन्द्र पिता ईदल सहारे, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम बरहोली, थाना बरघाट, जिला सिवनी।

**जप्त सामग्री–** 30 लीटर ट्रांसफार्मर ऑयल, कीमत 3,900 रुपये, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल क्रमांक **MP04 ZM 8066,** कीमत 50,000 रुपये, 02 नग एंड्रॉयड मोबाइल फोन, कीमत 20,000 रुपये, कुल मशरूका 73,900 रुपये। तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### सराहनीय भूमिका..

इस कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बरघाट ललित गठरे के मार्गदर्शन में निरीक्षक मोहनीश सिंह बैस, सउनि रामअवतार डेहरिया, प्र.आर. बिहारीलाल धुर्वे, आर. अनिल मर्सकोले, आर. आशीष कुडोपे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## प्रभारी कलेक्टर सिवनी के रूप में श्री राठौर ने पदभार ग्रहण किया

जगप्रेरणा सिवनी।


*भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2020 बेंच के अधिकारी एवं कार्यकारी संचालक मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर श्री अनिल कुमार राठौर ने मंगलवार को प्रभारी कलेक्टर सिवनी के रूप में पदभार ग्रहण किया।*

इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत, अपर कलेक्टर श्री सीएल चनाप, डिप्टी कलेक्टर सुश्री रेखा देशमुख सहित अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने अधिकारियों से चर्चा कर जिले की कानून व्यवस्था, उपार्जन, जनगणना सहित अन्य गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की साथ ही आवश्यक दिशा - निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के 11 मई से 05 जून तक मिड करियर ट्रेनिंग में शामिल होने के कारण प्रशिक्षण अवधि के लिए श्री राठौर को कलेक्टर सिवनी का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है।

















## क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

दैनिक जगप्रेरणा मे क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन मे प्रकाशित किये जाते है। कृपया संपर्क करे.. मो. 9329033433

# मातृत्व संवेदनाओं के भाव नजर आते हैं नर्सों की सेवाओं में - डॉ. निलय जैन

### बालाघाट जिला अस्पताल मे मनाया गया नर्स दिवस, नर्स बहनों का किया गया सम्मान..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***संपूर्ण विश्व में सेवाभावी नर्स के रुप में पूजनीय रही फ्लोरेंस नाइटिंगेल की स्मृति में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 12 मई को बालाघाट जिला अस्पताल में समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सीएचएमओ डॉ. परेश उपलप,***

सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन की प्रमुख उपस्थिति में नर्सों को उनके सेवा कार्यों के लिये सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जिला चिकित्सालय में सेवाएं देने वाली नर्सें उपस्थित थी।

### बोले डॉ. परेश उपलप..

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने नर्स दिवस पर कहा कि पुरे देश और पुरे विश्व में स्वास्थ्य सेवाओं की सबसे बड़ी आधारशिला नर्स बहनें है। दिन हो, रात हो, परिवार के काम हो, त्यौहार हों, जब इन्हें जो जिम्मेदारियां दी जाती है, सबसे ज्यादा ईमानदारी से अपना सेवाओं के कार्यों में अपनी जान भी लगा देती है, इसलिये इनका दर्जा हम सबकी नजरों में भी सबसे ऊंचा है।

### बोले डॉ. निलय जैन..

जिले के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने नर्स दिवस के अवसर पर बताया कि बालाघाट का जिला अस्पताल 400 बिस्तरों वाला अस्पताल हैं, जिसमें 175 नियमित, 26 एनआरएचएम और 5 पुरुष स्टाफ कार्यरत हैं। कई नर्सो के आकस्मिक अवकाश पर होने के बावजूद, लगभग सवा सौ नर्सें मरीजों को बेहतर नर्सिंग सेवाएं प्रदान कर रही हैं। डॉ. निलय जैन ने कहा कि नर्सों की सेवाओं में मातृत्व संवेदनाओं के भाव नजर आते हैं और कई बार नर्सों की सेवाओं के कारण जिन मरीजों के स्वस्थ्य होने की संभावनाएं नहीं नजर आती या कम नजर आती है, उन्हें भी नया जीवन देने में सच्ची सेवाओं के साथ नर्सों का बड़ा योगदान होता है। डॉ. निलय जैन ने यह भी बताया कि जिला चिकित्सालय में नर्सें रीढ़ की हड्डी है।

### बोली नर्स अनुपमा..

जिला अस्पताल में नर्स के रूप में सेवा दे रही अनुपमा सरभांग ने बताया कि नर्सें कठिन परिस्थितियों में मरीजों की सेवा कर रही हैं। खासकर रात्रि ड्यूटी के दौरान, वे अपने छोटे बच्चों और परिवार को छोड़कर कर्तव्य को प्राथमिकता देती हैं। इसके बावजूद, उन्हें कार्यस्थल पर कई बार मरीजों के परिजनों की नाराजगी का सामना करना पड़ता है, लेकिन नर्स बहनें अपना कर्त्तव्य बहुत खुबसुरती से और समझदारी से निभाती है।

# रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल द्वारा जिला अस्पताल में किया गया स्नेह आहार का वितरण..

### रोटेरियन धनेंद्र राहंगडाले ने पुज्य पिता की पुण्यतिथि पर की सेवा की पहल..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल द्वारा क्लब के सक्रिय सदस्य रोटेरियन धनेंद्र राहंगडाले के पूज्य पिताजी स्व. श्री बसंत राहंगडाले की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला अस्पताल बालाघाट में मरीजों एवं उनके परिजनों के***

लिए स्नेह आहार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सेवा कार्य के अंतर्गत क्लब द्वारा फल, भोजन एवं बिस्किट का वितरण किया गया। क्लब ने इस सेवा पहल को स्नेह आहार नाम देते हुए जरूरतमंदों तक प्रेम, सहयोग और मानवता का संदेश पहुंचाने का प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान क्लब सदस्यों ने स्व. श्री बसंत राहंगडाले को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समाजसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। अस्पताल में उपस्थित मरीजों एवं उनके परिजनों ने रोटरी क्लब की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में स्व. श्री बसंत राहंगडाले की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा राहंगडाले, पुत्र रोटेरियन धनेंद्र राहंगडाले एवं विहान राहंगडाले विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रोटेरियन संदीप असाटी, सचिव रोटेरियन आशीष साहू, कोषाध्यक्ष रोटेरियन राजेश गांधी, रोटेरियन नरेन्दर सिंघ छाबड़ा, रोटेरियन सौरभ हरिनखेड़े, प्रेसिडेंट इलेक्ट रोटेरियन अंकित अग्रवाल, रोटेरियन राहुल जैन उपस्थित रहे।

क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि रोटरी क्लब सदैव सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा प्रकल्प निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# 80 आवेदकों ने दिये समस्याओं के आवेदन, जन सुनवाई में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ ने किया समाधान



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 12 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, श्री एमआर कोल एवं डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 80 आवेदक अपनी समस्या लेकर आए थे।

जनसुनवाई में ग्राम पंचायत परसवाड़ा के दीपक परते कोविड 19 के दौरान की गई भोजन व्यवस्था का भुगतान दिलाने की मांग लेकर आए थे। दीपक का कहना था कि वर्ष 2022 में कोविड के समय ग्राम पंचायत परसवाडा अंतर्गत ग्राम सेरपार में अस्थाई हास्पिटल बनाया गया था जिसमें स्वास्थ्य विभाग परसवाडा बीपीएम अनिल कुकडे द्वारा भोजन व्यवस्था का कार्य सौपा गया था जिसका 92 हजार रुपए का भुगतान आज तक नही किया गया है। इस प्रकरण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

वारासिवनी तहसील के यमेंद्र गौतम अपने भाई धमेंद्र गौतम का प्रवेश सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी में दिलाये जाने की मांग लेकर आए थे। यमेंद्र का कहना था उसके भाई धर्मेंद्र गौतम ने सरस्वती शिशु मंदिर वारासिवनी से कक्षा 10वीं 76 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण किया है और अब वह सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी में अध्ययन करना चाहता है, किंतु सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य द्वारा कहा जा रहा है कि प्राईवेट स्कूल से आए विद्यार्थियों को प्रवेश नही दिया जाएगा। इसी तरह का प्रकरण अनुज मानेश्वर लेकर आए थे, जो कि सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी में कक्षा 9वीं में प्रवेश लेना चाहते है। इन प्रकरणों में जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

लालबर्रा तहसील अंतर्गत बम्हनी निवासी भूमेश्वर मरठे खाद्यान्न पर्ची बनवाने की मांग लेकर आए थे। भूमेश्वर ने बताया कि उसके परिवार की खाद्यान्न पर्ची अब तक नही बनी है, जिसकी वजह से उसे शासकीय राशन योजना का लाभ नही मिल पा रहा है। इस प्रकरण में जिला आपूर्ति अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

बिरसा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत भीमलाट एवं समनापुर के ग्रामीण भीमलाट-समनापुर के बीच (सरहद) सीमा लाईन में आवागमन सुधार करवाने की मांग लेकर आए थे। ग्रामीणों का कहना था कि सीमा लाइन के दोनो साईड शासन की 10-10 कडी भूमि है किंतु दोनो ग्रामों के किसानो ने सीमा लाइन में फेंसिंग का कार्य कर दिया है, जिससे वहां बसे 16 परिवारों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध नही हो पा रही है।

अतः इसकी जांच कर शीघ्र आवागमन की सुविधा उपलब्ध करायी जाए। इस प्रकरण में तहसीलदार बिरसा को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है। किरनापुर तहसील अंतर्गम ग्राम भालवा की स्वाति सोनबिरसे अपनी मानसिक विकार की बीमारी से निजात पाने के लिए शासन से आर्थिक सहायता दिलाये जाने की मांग लेकर आयी थी। स्वाति का कहना था कि उसे मेंटल डिसऑर्डर अर्थात मानसिक विकास की बीमारी है, जिसका ईलाज नागपुर में चल रहा है। इस प्रकरण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है। खैरलांजी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत छतेरा के घनश्याम गोपाले शौचालय निर्माण की राशि प्रदाय नही किये जाने की शिकायत लेकर आए थे। घनश्याम का कहना था कि उसे 02 वर्ष पहले स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय निर्माण करने के लिए राशि आवंटित की गई थी। किंतु ग्राम पंचायत द्वारा उसे वह राशि प्रदाय नही की गई है। इस प्रकरण में जनपद सीईओ खैरलांजी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है। लाँजी तहसील के ग्राम टेडवा की गीता कावड़े शौचालय निर्माण के लिए राशि दिलाने की मांग लेकर आयी थीं। गीता कावड़े का कहना था कि उसे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है, लेकिन अब तक उसे शौचालय की राशि नही मिली है। जिसके कारण उसके परिवार को समस्याओं का सामना करना पड रहा है। इस प्रकरण में जनपद सीईओ लांजी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

लालबर्रा तहसील अंतर्गत ग्राम गर्रा के वार्ड नं.12 के समस्त वार्डवासी बिजली व सडक की समस्या लेकर आए थे। उनका कहना था कि बिजली के पोल नही होने एवं सडक की सुविधा नही होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

वारासिवनी की निवासी अंजलि भारद्वाज मोट्रेट ट्राईसाइकिल (ई-ट्राईसाइकिल) दिलवाने की मांग लेकर आयी थीं। अंजलि नें बताया कि वह 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता की श्रेणी में आती है, परन्तु उसे शासन द्वारा किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उसने बताया की शासन द्वारा दिव्यांगजनों को दी जाने वाली ई-ट्राईसाइकिल भी उसे अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। जिससे उसे रोजमर्रा के कार्यों में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रकरण में सामाजिक न्याय विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

# केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में बहुजन मुक्ति पार्टी का धरना-प्रदर्शन, लालटेन भेंट कर जताया विरोध




जगप्रेरणा बालाघाट।

***आज 12 मई 2026 को बाबा साहब आंबेडकर चौक बालाघाट में बहुजन मुक्ति पार्टी द्वारा केंद्र सरकार की कथित जनविरोधी और गलत नीतियों के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन के प्रथम चरण के तहत 'लालटेन भेंट आंदोलन' आयोजित किया गया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफजमकर नारेबाजी की तथा अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।***

धरना प्रदर्शन में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार की नीतियों से गरीब, मजदूर, किसान, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग और आम जनता परेशान है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था की समस्याओं को लेकर सरकार को घेरते हुए आंदोलनकारियों ने कहा कि यदि सरकार ने जनहित के मुद्दों पर ध्यान नहीं दिया तो आगामी दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान बहुजन समाज की एकजुटता पर जोर देते हुए वक्ताओं ने सामाजिक न्याय, समान अधिकार और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने की बात कही। इस आंदोलन में बहुजन मुक्ति पार्टी के लोकसभा प्रभारी मा. सदाशिव हरिनखेड़े, जिलाध्यक्ष मा. इंजी. हीरालाल भगत, बामसेफ भारत मुक्ति मोर्चा के जिला प्रभारी एवं बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क के प्रदेश प्रभारी मा. रामदास ठवकर, राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद के जिलाध्यक्ष मा. सुशील कुशराम, जिल उपाध्यक्ष मा. केवलसिंह उसके, बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क के कार्यकारी जिला अध्यक्ष मा. विकास खांडेलकर, भारत मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी जिलाध्यक्ष विमल कुमार, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकारी तहसील अध्यक्ष मा. रघुनाथ यादव, भारत मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता मा. सूरज बारेकर सहित चिखला से मा. लिल्हारे एवं पटले सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने ÷बहुजन मुक्ति पार्टी जिंदाबाद÷ के नारों के साथ आंदोलन को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

अजय रजक गढ़ी

मो. 84353 19391

# उकवा में क्रिकेट का महाकुंभः क्करुनाइट टूर्नामेंट का रंगारंग आगाज़, 7 टीमें मैदान में







संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।

***उकवा के मॉयल ग्राउंड में 11 मई को क्करुनाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। उकवा के इतिहास में दूसरी बार हो रहे इस नाइट टूर्नामेंट को लेकर क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह है, आधी रात तक क्रिकेट प्रेमी मैदान में डटे रहे, और इस मैच का लुत्फलिया।***

## शुभारभ में ये रहे उपस्थित

इस भव्य टूर्नामेंट का शुभारंभ चौकी प्रभारी आकाश शर्मा, फुटबॉल संघ के जिला उपाध्यक्ष जेम्स बारीक, सोनपुरी सरपंच सुनील उईके, **ASI** विनोद ठाकुर, शिक्षक मदन गेडाम, डॉ. चिंतामन बिसेन और मुख्य आयोजक अनिरुद्ध चंदेल ने रिबन काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।

## 7 टीमें, अलग-अलग जर्सी में दिखा दम

अन्ना 11, अहिल 11, रजत रोड लाइंस11, उकवा बस्ती 11, रॉयल लॉ असेंबली11, ठन्डर बोल्ट टाइटंस11 ,और अव्यान 11 की टीमें नारंगी, नीली और अन्य रंगों की जर्सी में मैदान पर उतरीं। टीम ओनरशिप 21,000/- और पंजीयन 300/- रखा गया है।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता को 51,000 नगद चमचमाती ट्रॉफी व उपविजेता को 31,000 नगद चमचमाती ट्राफी एवं अनेक आकर्षक व्यक्तिगत पुरस्कारों से नवाजा जाएगा

## इनके मध्य हुआ कड़ा मुकाबला

आज पहला मैच अव्यान 11 ओर रजत 11 के मध्य हुआ इसमें अव्यान 11 ने आठ ओवरों में 85 रनों का लक्ष्य रखा और रजत 11 को 66 रनो पर मैदान से बाहर होना पड़ा,दूसरा मैच आहिल 11 ओर रॉयल लॉ असेंबली के मध्य हुआ जिस्म आहिल 11 ने 5 विकेट के नुकसान पर 81रन बनाए ओर आहिल 11 को 78 रनों पर शांत होना पड़ा,तीसरा मैच थंडर बोल्ट 11 और अन्ना 11 के बीच हुआ जिस्में थंडर बोल्ट ने 85 रनों का लक्ष्य रख कर अन्ना 11 को 35 रनों पर हार चखा दिया,चौथा मैच अन्ना 11 ओर उकवा बस्ती के मध्य हुआ जिसमें अन्ना 11 ने 94 रनो का लक्ष्य रखा और उकवा बस्ती को 6 विकेट के मुस्कान पर महज 62 रनो पर ही मैदान से बाहर कर दिया,

## इनका रहा विशेष सहयोग

आयोजन को सफल बनाने में कुणाल धुर्वे, ऋषि मिश्रा, देवेंद्र हनवत, ललित साहू और राकेश सर्पा ,प्रदीप यूरकुडे,विजय नायक,विश्वेश्वर लांजेवार, संदीप रौतेल,का विशेष सहयोग रहा नारंगी,नीली जर्सी में टीम के खिलाड़ी अतिथियों के साथ दूधिया रोशनी में देर रात तक मैच देखने दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है।

प्रतियोगिता का शानदार समापन 17 मई की शाम उकवा मॉयल के खेल मैदान में हजारों दर्शकों की गरिमामई उपस्थिति में आकर्षक साज सज्जा आतिशबाजी एवं अनेक व्यक्तिगत एवं सामूहिक पुरस्कारों के साथ किया जाएगा,यूपीएल द्वितीय को सफल बनाने की अपील मुख्य आयोजक सदस्य अनिरुद्ध चंदेल ने सभी से की है।

# वन स्टॉप सेंटर बैहर एवं बालाघाट की पहल से दो परिवारों को मिला नया सहारा

## संवेदनशील परामर्श और त्वरित सहायता से परिवारों का हुआ पुनर्मिलन




जगप्रेणा बैहर।

***महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर बैहर एवं वन स्टॉप सेंटर बालाघाट पीड़ित महिलाओं एवं बच्चों को सुरक्षा, परामर्श और पुनर्वास उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार सराहनीय कार्य कर रहे हैं।***

हाल ही में सेंटर की संवेदनशीलता एवं तत्परता से दो परिवारों को पुनः एकजुट करने में सफलता मिली, जो समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आई है। पहला मामला पश्चिम बंगाल निवासी वृद्ध महिला मानसी देवी (परिवर्तित नाम) से जुड़ा है। मानसिक तनाव के चलते वह अपनी बेटी एवं दामाद के घर जाते समय रास्ता भटक गईं और भटकते हुए बैहर क्षेत्र तक पहुंच गईं। क्षेत्रवासियों ने महिला को असहाय अवस्था में घूमते देखा और तत्काल 181 हेल्पलाइन पर सूचना दी।

सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस द्वारा महिला को सुरक्षित रूप से वन स्टॉप सेंटर बैहर पहुंचाया गया, जहां उन्हें भोजन, स्वास्थ्य सहायता, अस्थायी आश्रय एवं मनोसामाजिक परामर्श उपलब्ध कराया गया। महिला केवल बंगाली भाषा जानती थीं, जिससे उनकी पहचान और परिजनों तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण था। इसके बावजूद सेंटर की टीम ने गूगल ट्रांसलेट के माध्यम से संवाद स्थापित किया और प्राप्त जानकारी के आधार पर पश्चिम बंगाल के संबंधित थाने से संपर्क कर परिजनों तक सूचना पहुंचाई।

सूचना मिलते ही महिला का बेटा वन स्टॉप सेंटर बैहर पहुंचा, जहां मां-बेटे का भावुक मिलन हुआ। यह पूरा घटनाक्रम वन स्टॉप सेंटर की संवेदनशील एवं मानवीय कार्यप्रणाली का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया। दूसरा मामला अनुष्का (परिवर्तित नाम) से संबंधित है, जो देर रात एक सार्वजनिक पार्क में भयभीत एवं असहज अवस्था में भटकती हुई मिली।

पार्क कर्मचारियों ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तत्काल वन स्टॉप सेंटर को सूचना दी। सूचना प्राप्त होते ही टीम ने तत्परता दिखाते हुए अनुष्का को सुरक्षित संरक्षण में लिया तथा सेंटर में अस्थायी आश्रय, चिकित्सा सहायता एवं मनोसामाजिक परामर्श उपलब्ध कराया।

काउंसलिंग के दौरान सामने आया कि परिवार में मोबाइल फोन के उपयोग को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिसके कारण तनाव में आकर वह घर छोड़कर निकल गई थी। आगे की चर्चा में यह भी पता चला कि अनुष्का मिर्गी (एपिलेप्सी) जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित है और नियमित उपचार के अभाव में उसकी मानसिक स्थिति प्रभावित हो रही थी।

वन स्टॉप सेंटर द्वारा अनुष्का के माता-पिता से संपर्क स्थापित कर संयुक्त काउंसलिंग की गई। काउंसलर ने परिवार को मानसिक स्वास्थ्य, बीमारी की गंभीरता एवं संवेदनशील व्यवहार के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। परामर्श के बाद माता-पिता ने बेहतर देखभाल एवं नियमित उपचार का आश्वासन दिया। वर्तमान में अनुष्का अपने परिवार के साथ सुरक्षित एवं खुशहाल जीवन व्यतीत कर रही है।

वन स्टॉप सेंटर की इन दोनों सफल पहलों ने यह साबित किया है कि समय पर सहायता, संवेदनशील परामर्श और निरंतर प्रयासों से न केवल संकटग्रस्त व्यक्तियों को सुरक्षा प्रदान की जा सकती है, बल्कि टूटते परिवारों को भी दोबारा जोड़ा जा सकता है।

# मेटालिफेरस माइंस सेफ्टी वीक-2025 में बालाघाट माइंस को ओवरऑल द्वितीय पुरस्कार, सुरक्षा उत्कृष्टता का मिला सम्मान




जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट माइंस परिवार के लिए गर्व और सम्मान का क्षण तब आया जब बालाघाट माइंस ने तृतीय मेटालिफेरस माइंस सेफ्टी वीक-2025 जो मलाजखंड में आयोजित हुवा। इस में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।***

यह उपलब्धि खदान प्रबंधन, कर्मचारियों और अधिकारियों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता, अनुशासन, टीमवर्क तथा संचालन उत्कृष्टता को दर्शाती है।

सुरक्षा मानकों के पालन और बेहतर कार्य संस्कृति के लिए पहचानी जाने वाली बालाघाट माइंस ने विभिन्न श्रेणियों में भी उल्लेखनीय सफलता हासिल की। खदान को व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं प्राथमिक उपचार **(Vocational Training & First Aid)** श्रेणी में प्रथम पुरस्कार, माइंस वर्किंग श्रेणी में प्रथम पुरस्कार, तथा विस्फोटकों के भंडारण, परिवहन एवं उपयोग **(Storage, Transport & Use of E&plosives)** श्रेणी में भी प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।

इसके अलावा, वाइंडर के संचालन एवं रखरखाव **(Maintenance & Operation of Winder)** श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार तथा माइन प्लान एवं रिकॉर्ड **(Mine Plans & Record)** श्रेणी में भी द्वितीय पुरस्कार प्राप्त कर बालाघाट माइंस ने अपनी दक्षता और बेहतर प्रबंधन क्षमता का परिचय दिया।

यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त करना इसलिए भी विशेष रहा क्योंकि पुरस्कार सम्मानित अतिथि श्री उज्ज्वल तह के करकमलों से प्रदान किया गया। इस अवसर ने पूरे बालाघाट माइंस परिवार के लिए उपलब्धि को और भी यादगार बना दिया।

बालाघाट माइंस प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय प्रत्येक कर्मचारी, श्रमिक, अधिकारी एवं सहयोगी को दिया, जिनकी मेहनत, समर्पण और सुरक्षित कार्यस्थल के निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता ने इस उपलब्धि को संभव बनाया। प्रबंधन का कहना है कि सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि कार्य संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे प्रत्येक स्तर पर गंभीरता से अपनाया जाता है।खदान प्रबंधन ने कहा कि यह सम्मान भविष्य में और अधिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने तथा सुरक्षा मानकों को और मजबूत करने की प्रेरणा देगा। सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बालाघाट माइंस आने वाले वर्षों में भी उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करने का प्रयास जारी रखेगी।

प्रबंधन ने संदेश देते हुए कहा कि ÷बालाघाट माइंस में सुरक्षा केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि हमारी कार्य संस्कृति और प्रतिबद्धता का अभिन्न हिस्सा है।÷ यह उपलब्धि पूरे बालाघाट जिले और माइंस परिवार के लिए गर्व का विषय बनी हुई है।

# 13 मई को लाडली बहना को मिलेगी 36 वीं किश्त

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव से करेंगे राशि का अंतरण

जगप्रेरणा बालाघाट।

***मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 मई को नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की 36वीं किश्त की राशि बहनों के खाते में हस्तांतरित करेंगे। गोटेगांव में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की 01 करोड 25 लाख 22 हजार 542 लाडली बहनों के खाते में***

1835 करोड 67 लाख 29 हजार 250 रुपए की राशि सिंगल क्लिक से हस्तांतरित करेंगे। इसमें बालाघाट जिले की 03 लाख से अधिक लाडली बहने भी शामिल है। 36वीं किश्त के रूप में लाडली बहनों के खाते में 15-15 सौ रुपए की राशि जमा होगी। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लाडली बहना योजना में 23,882.81 करोड़ रूपये का बजट प्रावधान किया गया है, जो महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना ने मध्यप्रदेश में महिला कल्याण के क्षेत्र में एक नई मिसाल स्थापित की है। यह केवल आर्थिक सहायता योजना नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का प्रभावी माध्यम बन गई है। योजना से प्रदेश की महिलाओं के जीवन में व्यापक और सकरात्मक परिवर्तन आए है। नियमित आर्थिक सहायता ने महिलाओं को घरेलू खर्चों के प्रबंधन ने अधिक आत्मनिर्भर बनाया है, जिससे वे अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ बच्चों के पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य पर अधिक प्रभावी ढंग से खर्च कर पा रही है।

योजना से प्राप्त राशि ने अनेक महिलाओं को स्व-सहायता समूहों, लघु उद्योगों और स्व-रोजगार गतिविधियों से जुडने् के लिये प्रेरित किया है। इससे उनकी आय के अतिरिक्त स्त्रोत विकसित हुए है। आर्थिक रूप से सशक्त होने के साथ महिलाओं के परिवार के महत्वपूर्ण निर्णयों में भागीदारी बढ़ी है और उनकी राय को अधिक महत्व मिलने लगा है।

बैंक खातों में सीधे राशि अंतरण की व्यवस्था ने महिलाओं को औपचारिक बैंकिग और वित्तीय सेवाओं से जोड़ा है। इससे उनमें वित्तीय साक्षरता और आर्थिक आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

ग्रामीण और शहरी महिलाओं के लिए समान रूप से उपयोगी योजना का लाभ ग्रामीण, आदिवासी, शहरी, कल्याणी, तलाकशुदा और परित्यक्त महिलाओं सहित व्यापक वर्ग को मिल रहा है।

पात्र महिलाओं के सक्रिय और आधार-लिंक्ड बैंक खातों में राशि सीधे जमा होने से प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और त्वरित बनी है। राज्य सरकार ने विभिन्न विशेष अवसरों और त्योहारों पर अतिरिक्त आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर महिलाओं के जीवन में उत्साह और खुशियों का संचार किया है। इससे योजना केवल नियमित सहायता तक सीमित न रहकर भावनात्मक संबल का भी माध्यम बनी है।

# जनजातीय कार्य विभाग ने जारी की शिक्षकों की अनंतिम वरिष्ठता सूची..

## 15 दिनों के भीतर वरिष्ठता सूची पर दावे आपत्ति आमंत्रित..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

जनजातीय कार्य विभाग बालाघाट अंतर्गत संचालित विभागीय शैक्षणिक संस्थाओं में कार्यरत प्रधान पाठक, उच्च श्रेणी शिक्षक, सहायक शिक्षक, व्यायाम अनुदेशक, प्राथमिक शिक्षक एवं खेलकूद शिक्षक (श्रेणी-अ) की दिनांक 01 अप्रैल 2026 की स्थिति में अनंतिम (प्रोविजनल) वरिष्ठता सूची जारी कर दी गई है। विभाग द्वारा यह सूची जिले के समस्त संकुल प्राचार्यों को उपलब्ध करा दी गई है। सहायक आयुक्तच जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने बताया कि संबंधित शिक्षक अपने-अपने संकुल प्राचार्य कार्यालय में पहुंचकर वरिष्ठता सूची का अवलोकन कर सकते हैं। यदि किसी शिक्षक को सूची में दर्ज जानकारी पर आपत्ति हो, किसी शिक्षक का नाम छूट गया हो अथवा किसी प्रकार की प्रविष्टि दर्ज नहीं की गई हो, तो संबंधित शिक्षक निर्धारित प्रक्रिया के तहत लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

शिक्षकों को अपनी आपत्ति का स्पष्ट कारण एवं पुष्टि के लिए आवश्यक अभिलेखों की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करते हुए वरिष्ठता सूची प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपना अभ्यावेदन संकुल प्राचार्य के माध्यम से कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग बालाघाट में प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त होने वाले अथवा संकुल प्राचार्य के माध्यम से प्रस्तुत नहीं किए गए अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे और उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

***बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।***

# स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 के तहत मलाजखंड में मॉक सर्वे सम्पन्न..





जगप्रेरणा मलाजखंड।

***नगर पालिका परिषद मलाजखंड द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 की तैयारियों को लेकर नगर के समस्त वार्डों में व्यापक मॉक सर्वे अभियान चलाया गया।***

यह अभियान मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसमें स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेने के साथ आवश्यक सुधार बिंदुओं की पहचान की गई।मॉक सर्वे के लिए अलग-अलग दलों का गठन किया गया, जिन्होंने सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक विभिन्न वार्डों में निरीक्षण एवं सर्वे कार्य किया। सर्वेक्षण के दौरान डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था, सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई, नागरिक सुविधाओं एवं अन्य निर्धारित मानकों का गहन निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने एवं नगर को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूक भी किया गया। सर्वे कार्य पूर्ण होने के बाद रात्रि 8 बजे समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी वार्डों से प्राप्त रिपोर्ट का विस्तृत रिव्यू किया गया। बैठक में सर्वे के दौरान सामने आई कमियों एवं सुधार संबंधी आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूरे उत्साह एवं जिम्मेदारी के साथ अभियान में सहभागिता निभाई।










दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900


# नपा परिषद के जनता दरबार मे पूर्व मंत्री और नपा अध्यक्ष ने जनता की छोटी बडी सभी तरह की समस्याओ का किया समाधान..

**शिकायतो मे बैठकीय बाजार टीम ज्यादा वसूल रही टेक्स, अधिवक्ता संघ की गटटू लगाने की मांग हुयी पुरी..**









जगप्रेरणा वारासिवनी।

***नगर पालिका परिषद मे आज जनता दरबार के तीसरे एपीसोड मे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे के साथ अधिकारीयो की टीम ने जनमानस की छोटी से छोटी और बडी से***

बडी समस्याओ का त्वरित मे समाधान कर प्रार्थीयो के चेहरो पर मुस्कान लाने का कार्य किया। जनता दरबार के प्रारंभिक पलो मे ही सबसे पहले अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप नगपुरे, अभिषेक शुक्ला, पुष्पेन्द्र कलिहारी, अजय डहाके, मिलिंद नगपुरे आदि ने अधिवक्ता कक्ष के सामने लगभग 25 सौ स्केवर फिट जगह पर गटटू लगाने की मांग सामने रखी। जिसे स्वीक्रत करते हुये प्रक्रिया मे लेकर जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया। साथ ही गर्मी के मौसम मे प्याउ की मांग पर त्वरित मे इस मांग की पूर्ति करते हुये प्याउ की स्थापना कर दी गयी।

आज सबसे ज्यादा शिकायत रेत की परेशानी को लेकर सामने आयी। शासकीय कार्य सहित विभिन्न निर्माण कार्यो के ठेकेदारो ने रेत नही मिलने की समस्या से पुरा कार्य प्रभावित होने की दुहाई दी। जिस पर नपा की टीम को तत्काल जिलाधीश, जिला खनिज अधिकारी के समक्ष इस विषय को बडे बडे निर्माण कार्यो के वर्क आर्डर के साथ रखने का निर्णय सुनाया गया।

इसी तरह नगर के मछली मटन मार्केट से बैठकीय बाजार वसूली टीम के द्वारा ज्यादा राशी लेने व लोकल के वाहनो से राशी वसूलने की शिकायत सामने आयी। साथ ही वार्ड तीन मे बाली देशपांडे, समीर बिसेन, केलू दूल्हानी, दीपक जैन आदि के घर के पीछे की नाली की समस्या का समाधान भी किया गया। जिसमे आज ही जेसीबी से नाली के पास की झाडियो को काटकर नाली की स्थिती को देखकर उसने निर्माण के निर्देश प्रदान किये गये।

विशेष यह भी रहा की वार्ड नौ मे किशोर बंसोडकर की नाली की समस्या की शिकायत के साथ वार्ड तीन, वार्ड ग्यारह मे अन्य नाली के विषय पर नियमानूसार निर्णय लिये गये। वहीं दादाबाडी के सामने से सेट्रंल बैंक तक सडक किनारे के गिटटी नूमा सडक को रिपेयर करने के आदेश संबधित कार्य एंजेसी को प्रदान किये गये। प्रधानमंत्री आवास सहित जनता की मूलभूत समस्याओ के समाधान के साथ कौशल्या कटरे को बिजली कनेक्शन की, राईस मिल संचालन के लिये विजय खंडेलवाल सहित अन्य निवासीयो को आवास निर्माण की एनओसी प्रदान की गयी।

आज जनता दरबार मे पार्षदो मे प्रवीण डोंगरे, मोनू लिमजे, पवन धूर्वे, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधी मनोज दांदरे, धर्मू जोशी, पूर्व नपा अध्यक्ष आलोक खरे, लोकेश ठाकरे, अमित येरपूडे, उपयंत्री सुमीत मोटवानी, उपयंत्री वंशिका चैहान आदि सक्रिय भी नजर आये।

### 51 मेधावी छात्र होंगे सम्मानित

# ‘मेरा गांव मेरा तीर्थ’ की भावना के साथ पांचवें वर्ष में प्रवेश कर रहा मेधावी छात्र सम्मान समारोह

जगप्रेरणा कटंगी।

***शिक्षा को सम्मान और प्रतिभा को पहचान देने की अनूठी पहल ÷मेधावी छात्र सम्मान समारोह वार्षिक महोत्सव 2026÷ इस वर्ष अपने पांचवें सफल वर्ष में प्रवेश कर रहा है। 20 मई को टटेकसा में आयोजित होने वाले इस समारोह में क्षेत्र के 51 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।***

यह प्रेरणादायक अभियान पांच वर्ष पूर्व केवल 2 विद्यार्थियों के सम्मान से शुरू हुआ था। इसके बाद दूसरे वर्ष टटेकसा, तुमसर, गजपुर एवं पांजरा के 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 19 छात्रों को सम्मानित किया गया। तीसरे वर्ष यह संख्या बढ़कर 39 और चौथे वर्ष 48 तक पहुंची। अब पांचवें वर्ष में 51 विद्यार्थियों का सम्मान होना इस आयोजन की निरंतर सफलता और बढ़ते प्रभाव का प्रमाण है।

कार्यक्रम वरिष्ठ सेवा निवृत्त शिक्षक ताराचंद नागरिकर की अध्यक्षता में लगातार संपन्न हो रहा है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना, शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और विद्यार्थियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रेरणा जगाना है।

आयोजक रवीना जितेन्द्र गौतम ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से गांव टटेकसा को क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। ÷मेरा गांव मेरा तीर्थ÷ की भावना के साथ यह आयोजन शिक्षा को सामाजिक उत्सव का स्वरूप देने की दिशा में कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि जब गांव के मेधावी बच्चों को सार्वजनिक रूप से सम्मान मिलता है, तो यह पूरे समाज के लिए प्रेरणा बनता है। इस आयोजन को सफल बनाने में मेधावी छात्र टीम समिति का विशेष सहयोग मिल रहा है।

20 मई को होने वाले इस भव्य समारोह में क्षेत्र के शिक्षक, अभिभावक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रहेगी। शिक्षा और सम्मान का यह आयोजन अब क्षेत्र में एक प्रेरणादायक परंपरा बन चुका।

# कटंगी व्यवहार न्यायालय में अधिवक्ता परिषद कार्यकारिणी का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न..







जगप्रेरणा कटंगी।

***व्यवहार न्यायालय परिसर कटंगी में सोमवार को राज्य अधिवक्ता परिषद की कार्यकारिणी समिति के चयन हेतु मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई। मतदान पीठासीन अधिकारी न्यायिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में कराया गया।***

25 सदस्यीय कार्यकारिणी के गठन के लिए हुए इस चुनाव में कुल 122 अधिवक्ता मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रत्येक मतदाता को 23 वोट डालने का अधिकार था। चुनाव का प्रारूपः कुल 25 में से 23 सदस्यों का चयन मतदान द्वारा किया गया, जिसमें 18 पद पुरुष सदस्यों और 5 पद महिला सदस्यों के लिए आरक्षित थे। शेष 2 महिला सदस्यों को कार्यकारिणी में मनोनीत किया जाएगा। मतदान के दौरान न्यायालय परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। पुलिस बल के जवान तैनात रहे, साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम भी किसी आपात स्थिति के लिए मौजूद रही। पीठासीन अधिकारी ने बताया कि चुनाव पूरी पारदर्शिता और नियमों के तहत संपन्न कराया गया है। मतदान समाप्ति के बाद मतपेटियां सील कर दी गई हैं। मतगणना की तारीख अलग से घोषित की जाएगी।

चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में खासा उत्साह रहा। सुबह से ही अधिवक्ता मतदान के लिए न्यायालय पहुंचने लगे थे। नई कार्यकारिणी के गठन से अधिवक्ता संघ की गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है।

# सूने मकान में चोरी के ईरादे से घर में घुसने वाले आरोपी का जमानत आवेदन निरस्त..

जगप्रेरणा कटंगी।

***माननीय न्यायालय सुश्री शबाना खान, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटंगी, जिला बालाघाट के थाना तिरोड़ी के अप. क्र.. 119/2026, में आरोपी सोनू उर्फसुनील पिता राजकुमार मेश्राम जाति महार निवासी टुईयापार थाना तिरोड़ी जिला बालाघाट अंतर्गत धारा- 331(4), 62 बी. एन. एस. 2023 के आरोपी का जमानत आवेदन निरस्त।***

अभियोजन कहानी इस प्रकार हैं कि, दिनांक 09/05/2026 को प्रार्थीयॉ शारदा बाई पति शिवलाल वरकड़े जाति गोंड उम्र 45 साल निवासी वार्ड नं0 03 टुईयापार थाना तिरोड़ी जिला बालाघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 08/05/2026 को मेरी लड़की का रिसेप्शन कल्लेवाड़ा महाराष्ट्र में होने से परिवार के साथ में कल्लेवाड़ा गये थे, दिनांक 09/05/2026 को रात करीब 1:30 बजे घर वापस आये तो मेरे घर के दरवाजे का सामने का ताला टूटा दिखा और घर के अंदर जाकर लाईट चालु करने पर घर का सामान बिखरा पड़ा दिखाई दिया और एक व्यक्ति घर से भागा तो उसको घर की लाईट के उजाले से देखी तो गांव का सोनु उर्फसुनील मेश्राम था, जो उसके पीछे दौड़े तो वह भाग गया, जो घर सूना होने से चोरी करने की नीयत से सोनू उर्फसुनील मेश्राम घर में घुसा था, घर के सामान को चेक करने पर पुरा सामान था, अगर हम लोग समय पर नहीं आते तो आरोपी घर का सामान को चोरी करके ले जाता। घटना को रंजित कुमरे, राहुल सराठे ने देखे और सुने हैं, उक्त घटना पर थाना तिरोड़ी द्वारा अपराध क्रमांक 119/2026 धारा 331(4), 62 बी0एन0एस0 2023 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबध्द किया गया, एवं आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण को न्यायालय में पेश किया गया प्रकरण के तथ्यों, परिस्थितियों व साक्ष्यों के आधार पर तथा अभियोजन के तर्को से सहमत होकर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी सोनू उर्फ सुनील पिता राजकुमार मेश्राम जाति महार निवासी टुईयापार थाना तिरोड़ी जिला बालाघाट अंतर्गत धारा- 331(4), 62 बी0एन0एस0 2023 का जमानत आवेदन निरस्त किया गया।

# मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री भगत सिंह नेताम का दौरा कार्यक्रम

जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री भगत सिंह नेताम आगामी 22 मई 2026 को दोपहर 01 बजे दमोह (बिरसा) से जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) के लिए प्रस्थान करेंगे और गोंदिया से छत्तीसगढ एक्सप्रेस से हजरत निजामुद्दीन के***

लिए प्रस्थान करेंगे। श्री नेताम 23 मई को हजरत निजामुद्दीन नई दिल्ली पहुँचेंगे। इसके बाद वे विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों एवं बैठकों में शामिल होंगे।

श्री नेताम 24 मई को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अंतरसिंह आर्य एवं केंद्रीय राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उईके से भेंट कर जनजातीय समुदाय के लिए संचालित विभागीय योजनाओं एवं विकास कार्यों पर चर्चा करेंगे।

25 मई को गोंडवाना एक्सप्रेस से नई दिल्ली से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे और 26 मई को रायपुर पहुंचेगें।

श्री नेताम रायपुर में स्थानीय कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे तथा छत्तीसगढ़ आदिवासी पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री विकास मरकाम से सौजन्य भेंट करेंगे। 27 मई को वे रायपुर से दमोह-बिरसा के लिए प्रस्थान करेंगे।

# रेत चोरी करने वाले आरोपी का जमानत आवेदन निरस्त

जगप्रेरणा कटंगी।

***माननीय न्यायालय सुश्री शबाना खान, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटंगी, जिला बालाघाट के थाना तिरोड़ी के अप0क्र0. 120/2026, में आरोपी अंकुश पिता पापाजी जाधव जाति वडार निवासी वार्ड़ नंबर 29 भंडारा रोड शिव मंदिर नवीन नगर पारडी थाना पारडी***

जिला नागपुर अंतर्गत धारा- 303(2), 317(5) बी0एन0एस0 2023 53(1) मध्यप्रदेश गौण खनिज अधिनियम ,4/21 खान अधिनियम 1952 के आरोपी का जमानत आवेदन निरस्त।

अभियोजन कहानी इस प्रकार हैं कि, दिनांक 11/05/2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि, ग्राम बम्हनी के पास बावनथड़ी नदी से एक सफेद नीले कलर का डम्फर जिसका नंबर एमएच 40डीसी 1827 हैं, रेत लोड की जा रही हैं, जो रेत लोड करके महकेपार सुकली होते हुये खवासा नागपुर की ओर निकलने वाले हैं, जिसे पावर हाउस चैक महकेपार से सुकली होते हुये ग्राम महकेपार में पकड़ा जा सकता हैं, जो मुखबिर की सूचना से हमराह स्टॉफको अवगत कराकर हमराह स्टॉफ मुखबिर के बताये पते पर पहुँचा तो कुछ देर बार मुखबिर के बताये अनुसार एक सफेद नीले कलर का डम्फर जिसका नंबर एमएच 40डीसी 1827 हैं, आते दिखा जिसके ड्राइवर को रोककर डम्फर को चैक करने पर पाया कि उक्त डम्फर में रेत भरी हुई हैं, और ड्रायवर से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम अंकुश जाधव पिता पापाजी जाधव जाति वडार निवासी वार्ड़ नंबर 29 भंडारा रोड शिव मंदिर नवीन नगर पारडी थाना पारडी जिला नागपुर का होना बताया, जिससे डम्पर में रेत लोड कर परिवहन करने संबंधी दस्तावेज मांगे जाने पर कोई वैध दस्तावेज नहीं होना बताया एवं बावनथड़ी नदी बम्हनी घाट से रेत लोड कर देवलापार ले जाना बताया। जो चालक का कृत्य - 303(2), 317(5) बी0एन0एस0 2023 53(1) मध्यप्रदेश गौण खनिज अधिनियम ,4/21 खान अधिनियम 1952 का पाये जाने से घटना में प्रयुक्त डम्पर जिसका नंबर एमएच 40डीसी 1827 हैं को जप्त किया गया और उक्त घटना पर थाना तिरोड़ी द्वारा अपराध क्रमांक 120/2026 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबध्द किया गया, एवं आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण को न्यायालय में पेश किया गया प्रकरण के तथ्यों, परिस्थितियों व साक्ष्यों के आधार पर तथा अभियोजन के तर्को से सहमत होकर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी अंकुश पिता पापाजी जाधव जाति वडार निवासी वार्ड़ नंबर 29 भंडारा रोड शिव मंदिर नवीन नगर पारडी थाना पारडी जिला नागपुर अंतर्गत धारा- 303(2), 317(5) बी0एन0एस0 2023 53(1) मध्यप्रदेश गौण खनिज अधिनियम , 4/21 खान अधिनियम 1952 का जमानत आवेदन निरस्त किया गया।

# कन्या महाविद्यालय बालाघाट में ‘बौद्धिक संपदा अधिकार और विकसित भारत @2047’ विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में 12 मई 2026 को ‘बौद्धिक संपदा अधिकार और विकसित भारत @2047’ विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर के निर्देशन में संपन्न हुआ।***

कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय परंपरा के अनुसार मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य विषय विशेषज्ञों एवं मंचासीन अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। संगोष्ठी के मुख्य मार्गदर्शक एवं राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. इंद्र प्रसाद त्रिपाठी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति एवं उद्बोधन से शोधार्थियों एवं महाविद्यालय परिवार का उत्साहवर्धन किया। वहीं उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. पी.आर. चंदेलकर ने ऑनलाइन माध्यम से अपना संरक्षक उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अशोक कुमार मराठे भी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय संगोष्ठी के प्रथम तकनीकी सत्र में ष्टस्ढ्डक्र-ह्रश्वश्चञ्जह्र के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सुशांत बी. वाथ ने **"Intellectual Property Rights (IPR) & Viksit Bharat2047"** विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान देते हुए पेटेंट एवं नवाचार के महत्व पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के वैज्ञानिक डॉ. अमित दुबे ने **"Basics of Intellectual Property Rights"** विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उनके व्याख्यान में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रश्न पूछे और बौद्धिक संपदा अधिकारों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर ने छात्राओं को शोध एवं मौलिकता के प्रति प्रेरित करते हुए नवाचार आधारित शिक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं संगोष्ठी के उद्देश्यों का वाचन समन्वयक डॉ. सुनील कुमार मासुलकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में **IQAC** प्रभारी डॉ. स्वाति खोब्रागड़े ने सेमिनार का परिचय प्रस्तुत किया। वहीं सह-समन्वयक प्रीति उइके के सहयोग से प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में आयोजन सचिव जीवन मसराम ने आभार प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी को सफल बनाने में तकनीकी सत्र समिति, शैक्षणिक एवं कार्यालयीन स्टॉफ तथा छात्राओं का सराहनीय सहयोग रहा।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

रवि अजीत किरनापुर

मो. 6261142145

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - 9329033433

## पुरानी रंजिश में मारपीट मामले में फरार आरोपित बालू गिरफ्तार

जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र में छोटी-छोटी बातों पर हिंसा की घटनाएं अब चिंता का विषय बनती जा रही हैं। कोई व्यक्ति यदि किसी के यहां काम करता है और बाद में अपनी इच्छा से वह काम***



छोड़ देता है, तो यह उसका व्यक्तिगत अधिकार है। हर व्यक्ति को अपने भविष्य, सम्मान और जीवन के लिए बेहतर विकल्प चुनने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। लेकिन जब इसी बात को कुछ लोग अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाकर दुश्मनी में बदल दें और किसी की जान लेने तक पर उतारू हो जाएं, तो यह केवल एक आपराधिक घटना नहीं बल्कि समाज की बदलती सोच का खतरनाक संकेत बन जाता है। क्षेत्र में सामने आई हालिया घटना ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर हम और हमारा समाज किस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, जहां रोजगार बदलने जैसी सामान्य बात भी खून-खराबे का कारण बन रही है। पुलिस जानकारी अनुसार लांजी थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर धारदार हथियार और डंडे से जानलेवा हमला करने वाले दो सगे भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू और लकड़ी का डंडा भी बरामद कर लिया है।

फरियादी प्रदीप उर्फ छोटू ठाकरे (21 वर्ष) निवासी टेकरीटोला भानेगांव पहले आरोपी बालू ठाकरे के पास पानी सप्लाई का कार्य करता था। करीब एक वर्ष पूर्व उसने वह काम छोड़ दिया था। इसी बात को लेकर आरोपी बालू ठाकरे उसके प्रति रंजिश रखने लगा था। बताया गया कि विगत 1 मई 2026 की रात लगभग डेढ़ बजे प्रदीप ठाकरे एक शादी समारोह से वापस लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में आरोपी बालू ठाकरे और उसका भाई शुभम ठाकरे उसे अकेला पाकर रोक लिया। दोनों ने पहले गाली-गलौज की और फिर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। आरोपी बालू ने धारदार चाकू से वार किया, जिससे प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि शुभम ने लकड़ी के डंडे से मारपीट की। घटना के बाद दोनों आरोपी जान से खत्म करने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

### मुखबिर की सूचना पर लांजी पुलिस ने पकड़े आरोपी..

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) ओमप्रकाश के मार्गदर्शन में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहे थे, लेकिन मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने बस स्टैंड लांजी के पास घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में बालू उर्फशिवप्रकाश ठाकरे (26 वर्ष), पिता गोवर्धन ठाकरे निवासी भानेगांव, शुभम ठाकरे (24 वर्ष) पिता गोवर्धन ठाकरे निवासी भानेगांव शामिल हैं।

लांजी पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 146/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 296(2), 115(2), 351(3), 118(1), 3(5) एवं 109(1) के अंतर्गत मामला दर्ज कर उन्हें माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी लांजी उपनिरीक्षक दीप सिंह परमार, उपनिरीक्षक विधि पाण्डेय, प्रधान आरक्षक पवन मसकोले, आरक्षक चेतन सोनी, आरक्षक आशुतोष सिंह तथा महिला आरक्षक प्रीति प्रजापति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बालाघाट कांग्रेस की अंतर्कलह और हिना कावरे की नई जिम्मेदारी

जगप्रेरणा किरनापुर।

***जिले में कांग्रेस पार्टी के भीतर चल रही गुटबाजी और खींचतान अब जगजाहिर हो चुकी है। वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच आपसी सामंजस्य की कमी के कारण संगठन की स्थिति लगातार कमजोर होती दिख रही है।***

ऐसे नाजुक समय में, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव सुश्री हिना कावरे के कंधों पर जिले में बिखरती कांग्रेस को एकजुट करने की एक बड़ी और कठिन जिम्मेदारी आ गई है।

### गुटबाजी से कमजोर होती नींव..

विगत कुछ समय से बालाघाट जिले में कांग्रेस के अलग-अलग धड़ों में बंटे होने की खबरें सामने आती रही हैं। पार्टी के कार्यक्रमों में नेताओं की दूरियां और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं का असमंजस संगठन की धार को कुंद कर रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि इस 'गुटबाजी' पर जल्द लगाम नहीं लगाई गई, तो आगामी समय में पार्टी को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### क्या हिना कावरे बनेंगी संकटमोचक?



राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने के बाद हिना कावरे का कद अब और बढ़ गया है। उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती जिले के सभी गुटों को एक मंच पर लाने की है। **अनुभव और संवाद:** पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष के रूप में उनका लंबा अनुभव और कार्यकर्ताओं के बीच उनकी लोकप्रियता इस कलह को शांत करने में मददगार साबित हो सकती है। **राष्ट्रीय नेतृत्व का भरोसा:** दिल्ली से मिली सीधी जिम्मेदारी के बाद अब उनके पास वह अधिकार है जिससे वे जिले के असंतुष्ट नेताओं से सीधा संवाद कर सकें। **कार्यकर्ताओं की उम्मीद:** आम कार्यकर्ता अब सुश्री कावरे की ओर एक ऐसी कड़ी के रूप में देख रहा है जो गुटबाजी को खत्म कर संगठन में नई जान फूंक सकें।

### बड़ी चुनौती : सबको साथ लेकर चलना..

सवाल यह उठता है कि क्या सुश्री कावरे आपसी मतभेदों को दरकिनार कर सभी वरिष्ठ नेताओं को विश्वास में ले पाएंगी? जिले में कांग्रेस की मजबूती इस बात पर निर्भर करेगी कि वे कितनी कुशलता से इस 'गुटबाजी' के संकट को हल करती हैं।

### निष्कर्ष :

बालाघाट कांग्रेस में चल रही इस 'भीतरघात' और खींचतान के बीच हिना कावरे की भूमिका अब निर्णायक होगी। उनकी नई जिम्मेदारी सिर्फ पद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनके नेतृत्व की असली परीक्षा भी है।

## मोटरसाइकिल की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल, तेज गति और लापरवाही बनी घटना का कारण

जगप्रेरणा लांजी।

***बालाघाट-लांजी मार्ग पर बेनेगांव पुलिया के समीप मंगलवार दोपहर करीब 1.45 बजे तेज रफ्तार पल्सर मोटरसाइकिल ने सामने चल रही डीलक्स मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।***





हादसे में डीलक्स में पीछे बैठी महिला के सिर पर गंभीर चोट आई, जबकि पल्सर सवार दोनों युवकों के पूरे शरीर में खरोंचें आईं और एक युवक का पैर फ्रैक्चर हो गया।

घटना बेनेगांव निवासी संदीप बुढावने के घर हुई शादी समारोह के बाद की बताई जा रही है। कलपाथरी निवासी उषाबाई धनोले (40 वर्ष) पति नितिन धनोले के साथ अपने 11 वर्षीय पुत्र समीर को लेकर शादी में आई थीं। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद संदीप बुढावने अपनी डीलक्स मोटरसाइकिल से उषाबाई और समीर को कलपाथरी छोड़ने जा रहे थे। घर से कुछ ही दूर पहुंचे थे कि पीछे से तेज रफ्तार में आ रही बालाघाट निवासी सदाब खान और पिंटु बिसेन की पल्सर मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी।

स्थानीय लोगों के अनुसार, पल्सर की तेज रफ्तार के कारण टक्कर इतनी भीषण थी कि पल्सर सवार दोनों युवक दूर तक सड़क पर घिसटते चले गए। सदाब खान का एक पैर फ्रैक्चर हो गया, जबकि दोनों युवकों को पूरे शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। डीलक्स मोटरसाइकिल सवार संदीप बुढावने और समीर को कोई चोट नहीं आई, लेकिन पीछे बैठी उषाबाई धनोले के सिर पर गंभीर चोट आई है।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल लांजी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उषाबाई का सीटी स्कैन के लिए रेफर किया गया, जबकि सदाब खान के पैर के फ्रैक्चर को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने तेज रफ्तार वाहनों को लांजी-बालाघाट मार्ग पर लगातार हादसों का जिम्मेदार बताया है। उन्होंने प्रशासन से इस मार्ग पर गति नियंत्रण के सख्त उपाय करने की मांग की है।

## आवारा पशुओं के कारण बढ़ रही दुर्घटनाएं चौपहिए वाहन की ठोस से मवेशी घायल..

जगप्रेरणा लांजी।

***नगर क्षेत्र में इन दिनों सड़कों पर खुले घूमते और बैठे मवेशी लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। खासकर रात के समय सड़क पर बैठे काले रंग के मवेशी वाहन चालकों को आसानी से दिखाई***





नहीं देते, जिसके चलते आये दिन हादसे सामने आ रहे हैं। बावजूद इसके मवेशी मालिक अपने पशुओं को घरों में सुरक्षित बांधकर रखने के बजाय खुले में छोड़ रहे हैं, जिससे आम नागरिकों और वाहन चालकों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं।

इसी क्रम में 12 मई को नगर परिषद कार्यालय के सामने एक चौपहिया वाहन की ठोकर से एक मवेशी घायल हो गया। हालांकि घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो जाने से मामला अधिक तूल नहीं पकड़ सका, लेकिन इस घटना ने नगर में एक बार फिर आवारा मवेशियों की समस्या को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। नगर क्षेत्र में यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि कुछ मवेशी मालिक जानबूझकर अपने पशुओं को खुला छोड़ देते हैं ताकि दुर्घटना होने की स्थिति में उन्हें अधिक से अधिक हर्जाना मिल सके। लोगों का कहना है कि यह लापरवाही अब आमजन की जान पर भारी पड़ने लगी है और प्रशासन को इस ओर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है।


नगरवासियों ने नगर परिषद से मांग की है कि खुले में घूमने वाले मवेशियों को तत्काल पकड़कर काँजी हाऊस भेजा जाए तथा संबंधित मवेशी मालिकों पर जुर्माना लगाया जाए। साथ ही चेतावनी एवं हिदायत के बाद ही पशुओं को वापस सौंपा जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो किसी दिन बड़ा हादसा भी हो सकता है।

## फिर चोरों ने मंदिर को बनाया निशाना, बोलेगांव दुर्गा मंदिर से चांदी का मुकुट, छत्र व अन्य सामानों की हुई चोरी

जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोलेगांव स्थित प्रगतिशील दुर्गा मंदिर में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर माता रानी के चांदी के मुकुट एवं चांदी के छत्र पर हाथ साफ कर दिया।***





धार्मिक स्थल में हुई इस घटना से गांव में रोष और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंदिर समिति द्वारा 10 मई की रात लगभग 9 बजे मंदिर में पूजा-अर्चना के पश्चात ताला लगाकर मंदिर बंद किया गया था।

इसके बाद 11 मई की रात करीब 12.15 बजे समिति अध्यक्ष जब मंदिर के पास टहलने पहुंचे तो मंदिर का दरवाजा खुला दिखाई दिया। अंदर जाकर देखने पर मंदिर का ताला टूटा दिखाई दिया और देखा तो माता रानी का चांदी का मुकुट तथा चांदी का छत्र गायब था। वहीं मंदिर के भीतर पूजा सामग्री भी बिखरी हुई पाई गई। शिकायतकर्ता के मुताबिक चोरी गए चांदी के आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही गांव के सरपंच पति अनिल भारद्वाज एवं उपसरपंच सुनील कालबेले मौके पर पहुंचे।

ग्रामीणों ने आसपास काफी तलाश कीए लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिल सका। मामले में लांजी पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 331(4) एवं 305(डी) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है और अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बालाघाट में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का द्वितीय दिवस संपन्न..

### खेल, योग और स्वास्थ्य विषय पर विशेषज्ञों ने साझा किए विचार..









जगप्रेरणा बालाघाट।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बालाघाट में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग तथा 'उमंग' स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के द्वितीय दिवस पर सोमवार 12 मई 2026 को तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय **Health, Wellness, Sports and Essential Need for Modern World** रखा गया है, जिसमें देश-विदेश के विशेषज्ञ स्वास्थ्य, योग एवं खेल के महत्व पर अपने विचार साझा कर रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे, समन्वयक डॉ. पी.एस. कातुलकर, कार्यक्रम संयोजक डॉ. अनिल कुमार झरबड़े, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. सीमा श्रीवास्तव, डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव, डॉ. उषा सिंह सहित प्राध्यापकों एवं जिले के खेल अधिकारियों द्वारा मां सरस्वती पूजन एवं स्वागत गीत के साथ किया गया। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने अपने संबोधन में कहा कि योग और खेल के बिना जीवन अधूरा है। स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ समाज की रचना संभव है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को खेल और योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

समन्वयक डॉ. पी.एस. कातुलकर ने विद्यार्थी जीवन में खेल एवं योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को नियमित रूप से शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। वहीं कार्यक्रम संयोजक डॉ. अनिल कुमार झरबड़े ने शासन द्वारा संचालित खेल एवं योग शिक्षा संबंधी विभिन्न गतिविधियों एवं योजनाओं की जानकारी दी। सेमिनार में अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ वक्ताओं ने ऑनलाइन माध्यम से अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। प्रमुख वक्ताओं में डॉ. राकेश तोमर, डॉ. संगीत सरदार, डॉ. कृष्णकांत सिन्हा तथा डॉ. पूनम चौहान शामिल रहे, जिन्होंने आधुनिक जीवन में स्वास्थ्य, योग एवं खेल की आवश्यकता पर विस्तार से अपने विचार रखे। द्वितीय सत्र में डॉ. समीर ई. भागीरथी, डॉ. संगीता श्रीवास्तव, डॉ. पुनीत वाजूभाई टेरिया, राहुल, शोधार्थी सुश्री थानकजाम बिदियारानी इम्फाल तथा शोधार्थी अंकुर कुमार जबलपुर ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, खेल एवं योग से जुड़े विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, कर्मचारी, जिले के क्रीड़ा अधिकारी, विद्यार्थी एवं खेल प्रेमियों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. राकेश चौरे द्वारा किया गया।

## कल्पा चौक में 2 पल्सर मोटरसाइकिल की भिड़ंत..

**बाइक में सवार 5 लोग गंभीर रूप से घायल..**





**जगप्रेरणा लांजी।**

मंगलवार शाम 4.15 बजे कुलपा चौक के सामने दशरथ नगपुरे के घर के ठीक आगे दो पल्सर मोटरसाइकिलों के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, खुर्शीपार (महाराष्ट्र) निवासी योगेश पिता गोपाल अपनी पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 07 एटी 3366 पर सवार होकर ग्राम मनेरी में वैवाहिक कार्यक्रम से अपने गांव लौट रहे थे। उनके पीछे बाइक पर वर्षा (श्यामु की पत्नी) और 12 वर्षीय आदित्य पुत्र प्रकाश वल्थरे बैठे थे। इसी दौरान आमगांव की ओर से धरम नगपुरे (35) पिता निर्मलदास, कुलपा निवासी अपनी पल्सर बाइक क्रमांक एमपी 50 **MV 8764** पर सुनील पुत्र सालिकराम (28), हल्बीटोला निवासी के साथ कुलपा आ रहे थे। चौक पहुंचने से ठीक पहले दोनों बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।

### घायलों को निजी वाहन से पहुंचाया अस्पताल..

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने डायल 112 और 108 एंबुलेंस सेवा को फोन किया, लेकिन काफी देर तक कोई वाहन नहीं पहुंचा। आखिरकार ग्रामीणों ने घायलों को निजी वाहनों से उपस्वास्थ्य केंद्र करंजा पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी पांचों को उच्च उपचार के लिए रेफर कर दिया। घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की देरी पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि ऐसे संवेदनशील इलाकों में 108 सेवा को और चुस्त-दुरुस्त किया जाना चाहिए, ताकि समय पर मदद पहुंच सके।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## युद्ध जनित चुनौतियों का समाधान: संयम, बचत और स्वदेशी संकल्प

यूक्रेन-रूस, ईरान-इजरायल और हमास-इजरायल जैसे भीषण वैश्विक संघर्षों ने आज पूरी दुनिया को एक अनिश्चितता के दौर में धकेल दिया है। इन युद्धों के कारण न केवल भारत बल्कि विश्व के तमाम देशों को अपने विकास की दशा और दिशा बदलने पर मजबूर होना पड़ा है। युद्ध चाहे कहीं भी लड़ा जा रहा हो और इसमें कोई भी पक्ष शामिल हो, इसका सीधा और गहरा प्रहार वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमतों में उछाल आने से न केवल खाद्य पदार्थ महंगे होते हैं, बल्कि विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट आती है और राष्ट्र की विकास योजनाएं बाधित होती हैं। ऐसे संकटपूर्ण समय में केवल सरकार की नीतियों और कोशिशों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का यह परम कर्तव्य बनता है कि वह स्वयं भी राष्ट्रहित में कठोर निर्णय ले और अपने जीवन में संसाधनों के मितव्ययिता पूर्वक उपयोग को प्राथमिकता दे।

भारत की विशाल जनसंख्या और उभरती आर्थिक शक्ति के बावजूद, यह एक कड़वा सच है कि स्वतंत्रता के दशकों बाद भी हमारी अनेक बुनियादी आवश्यकताएं आयात पर टिकी हैं।यह एक कटु सच्चाई है कि पेट्रोलियम पदार्थ, खाद्य तेल, सोना और विलासिता की वस्तुओं के आयात पर देश की मेहनत की कमाई का एक बड़ा हिस्सा विदेशी मुद्रा के रूप में बाहर चला जाता है। यही वह पृष्ठभूमि है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा समय-समय पर दिए गए आत्मनिर्भरता, 'वोकल फॉर लोकल' और ऊर्जा संरक्षण के संदेश आज और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में ÷मोदी मंत्र÷ का मूल आधार ही आत्मसंयम और स्वदेशी शक्ति है। यदि देशवासी प्रधानमंत्री के आह्वान पर मात्र एक वर्ष के लिए सोना खरीदने की अपनी प्रवृत्ति पर नियंत्रण पा सकें, तो वह अरबों डॉलर की विदेशी मुद्रा देश की रक्षा और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में काम आ सकती है। हमें यह समझना होगा कि सच्ची देशभक्ति केवल सीमा पर खड़े होने से नहीं, बल्कि नागरिक के आर्थिक अनुशासन से भी सिद्ध होती है।

इसी प्रकार, ऊर्जा के क्षेत्र में संयम बरतना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा विदेशों से खरीदता है, जिसका बोझ अंततः अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। यदि प्रत्येक नागरिक अनावश्यक वाहन उपयोग को कम करे, कार पूलिंग को जीवन का हिस्सा बनाए या छोटी दूरियों के लिए पैदल चलने की आदत डाले, तो देश के करोड़ों लीटर ईंधन की बचत की जा सकती है। घरेलू गैस की मितव्ययिता को महत्व दिया जा सकता है। यह केवल एक व्यक्तिगत बचत नहीं है, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और स्थिरता से जुड़ा विषय है। इसके साथ ही, पर्यटन के क्षेत्र में भी भारतीयों को अपनी प्राथमिकताएं बदलनी होंगी। विलासितापूर्ण विदेश यात्राओं के स्थान पर देश के भीतर पर्यटन को बढ़ावा देने से न केवल विदेशी मुद्रा की बचत होगी, बल्कि स्थानीय उद्योगों को भी संजीवनी मिलेगी। आदरणीय प्रधानमंत्री का यह सुझाव कि खाद्य तेल के उपयोग में मात्र दस प्रतिशत की कमी देश के लिए वरदान सिद्ध हो सकती है।यह स्वास्थ्य और अर्थनीति दोनों के लिहाज से महत्वपूर्ण है। एक बड़े आयातक के रूप में खाद्य तेल पर हमारी निर्भरता को कम करना न केवल सरकारी खजाने को राहत देगा, बल्कि संतुलित भारतीय भोजन के माध्यम से नागरिकों के स्वास्थ्य में भी सुधार लाएगा।

अंततः मैं यही कहना चाहूंगा कि हमें युद्ध और वैश्विक संकटों को केवल समाचार की सुर्खियों के रूप में देखने के बजाय उनके आर्थिक दुष्प्रभावों को समझना होगा। सरकारें केवल ढांचा खड़ा कर सकती हैं, लेकिन राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके जागरूक नागरिकों के संकल्प में निहित होती है। जब 140 करोड़ लोग 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ राष्ट्रहित में मार्ग चुनते हैं, तो कोई भी वैश्विक संकट भारत की प्रगति की रफ्तार को बाधित नहीं कर सकता। यही वर्तमान समय का सबसे प्रभावी समाधान और युद्ध की विभीषिका से लड़ने का सबसे कारगर तरीका है।

लेखक



**प्रो.मनमोहन प्रकाश**

## जिन्दगी को जिन्दगी दीजिये

सुबह
जैसे ही आंखें खुली
देखा सूरज
खिड़की से
झांक रहा था
मुझे ताक
रहा था
बोला-
तुम्हारे लिए
लाया हूँ यही संदेश
कि, मेरी तरह
ऊर्जावान बनो
हरो, दूजों के क्लेश
संकटों का ग्रहण
तो मुझपर
भी आता है
किन्तु, सूरज कहाँ
घबराता है
ऊगना और ढलना
मेरा नित्य
का क्रम है
तुम भी सूरज हो
स्वयं को असहाय
समझना
तुम्हारा भ्रम है
सूरज की यह बात
मुझे भा गई
और, मैं देख रहा हूँ
कि, चिंता
मुक्त होकर
चिंतन की प्रवृत्ति
मुझमें आ गई
अब मैं चिंतन
कर रहा हूँ
कि मेरा जन्म
किसलिए हुआ
और, मैं क्या
कर रहा हूँ
मुझे रोज
रोज जीना है
और मैं व्यर्थ में
रोज रोज मर रहा हूँ।
चिंता नहीं
चिंतन कीजिये
जिंदगी
जीने के लिए है
जिंदगी को
जिंदगी दीजिये

**शशि तिवारी**

## दशा महा दशा..

ऐसे-ऐसे दानवीर हो गए।
पूछों मत जेब से लगना नहीं है।
लाखों दान घोषित हो गया।
दानवीर बन गए।
बस नाम कमाने से।
मतलब रहता है।
इनके चम्पावत रहते है।
ताली बजाने में माहिर।
जो साथ-साथ।
मंचासिन भी हो गए।
फेटोग्राफखिंचवानें।
पारंगत देख लीजिए।
भले ही सूरत सकल न हो।
समाचार पत्रों में भेजने।
वे भी क्या करेंगे।
भ्रष्टाचार की राशि है।
रेत, शराब,
खनिज की।
ठेकेदारी है।
आजीवन
पदासीन है।
चंदे का चंदन है।
जीएसटी चोरी
की राशि है।
उसे इन जगहों
पर दे दीजिए।
दानवीर बन जाईए?

लेखक



**आचार्य डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार 'वीर'**

## लोकहित में ग़लत..

लोकहित में ग़लत जब
सियासत लगी
मुझे जी-हुज़ूरी से
ठीक बग़ावत लगी।

मैंने शरारत को
इसलिए भी चुना है
कई ऐब छुपाएं
मुझको शराफ़त लगी।


कभी किसी पार्टी का
झंडा ले नहीं चला
जो चीज ग़लत लगी,
वो ग़लत लगी।

बहुत धोखे खायें बैठे
हैं लोग मोहब्बत में
बड़े काम की मुझे
संजय नफ़रत लगी।



**संजय अश्क**
**पुलपुट्टा, बालाघाट**

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 164



Åij I। uhp ।& 1) अच्छा चाल चलन 2) हिमालय पर्वत में स्थित प्रसिद्ध तीर्थक्षेत्र 3) अवस्था, वर्तमान काल 5) बनाने की क्रिया, निर्माण 6) परत, बाघ या शेर की मांद 7) सम्पत्ति आदि स्वत्व या स्वामित्व विधिवत दूसरे को देना 8) आमदनी, लाभ 9) आद्योपान्त, पूर्णतया 10) वह व्यंजन जिसमे नमक हो 11) व्यंग, ताना 12) जो जायज या उचित न हो 14) शर्विलक 16) देनेवाला, दानवीर 19) बुरी आदत, दुर्गुण 20) झगड़ा, हुज्जत, विवाद 21) आकारयुक्त रुप, मूर्तिमान 23) पारद, पारा, महादेव 24) वरुण के एक अस्त्र का नाम 28) अच्छी तरह कल्पना या चिंतन किया हुआ 29) हिन्दुओं के अठराह पुराणों में से एक महापुराण 32) बुद्धी, इच्छा 33) एक प्रकार का खनिज द्रव्य, खारा 34) छोटे छोटे फूलदार पौधे लगाने का मिट्टी का पात्र 36) पद का शेष, पद का अन्त 37) बोझ ढोनेवाला, भार उठानेवाला 40) अपने स्थान से सरकना, समय बीतना 42) पांच वर्ष का बालक, पुत्र 43) लाया हुआ, प्राप्त, स्थापित 44) पानी भरने का घाट 45) मौका, समय 47) याग 52) किसी वस्तु का नीचे का भाग 53) दूसरों की नकल करना 55) रामायण के वह राजा जिन्होने अनजाने में श्रवण की हत्या की थी 56) धीरे से भाग जाना 58) मरणोपरान्त अपनी सम्पत्ति विभाजन निध ।रित करने का लेख्यपत्र 59) कर्कश शब्द, कड़ुई बोली 60) गन्ध, वास 61) वह जिसकी आंखे कमल समान हो 63) रखवाली करनेवाला 65) किसी कड़े पदार्थ के टूटने का शब्द, उपवास 68) बायां, प्रतिकूल 72) नाखुष, निराश 73) नयापन, नई बेल 76) अपना लगने का भाव, प्रीति, प्रेम 77) झुठा ठहराना 79) गाना, विशेष प्रकार का गीत 81) मध्य प्रदेश से बहनेवाली एक नदी 83) बीता हुआ समय 85) धागा लपेटने की छोटी नली 86) दुर्बल स्त्री 88) जानवर, पशु 91) रामायण में सीताहरण के समय रावण को विरोध करनेवाला एक पक्षी 93) अनेक छोटे बड़े जहाजों का समुदाय 94) घर्षण, अत्यन्त परिश्रम 95) बड़े भाई का एक संबोधन 97) पति, प्रेमी 101) बुरी आदत 102) स्त्री, महिला 104) एक निर्देशकारक शब्द जिससे दूर की वस्तुओं का संकेत किया जाता है 106) रिश्ता, लगाव (जवाब अगले अंक में)

ck;। I। nk;। ।& 1) जो सर्वदा हरा बना रहे, सदा खुश रहनेवाला 4) भय से उत्पन्न कंपकंपी 8) एकाएक कोई बड़ी विपत्ती आना 13) टुकड़ा, पौधों का पत्ता 15) गूढ़ पुरुष, भेदिया 16) गोल घेरा, क्षेत्र 17) मेरा या मेरी (सं.) 18) किसी को फंसाने की युक्ति, मछली पकड़ने का जाल 20) यु ही या व्यर्थ किसी को ललचाना 22) व्याकुलता, घबड़ाहट 24) फिल्म या कथा का मुख्य पात्र 25) विष्णुजी का एक नाम 26) साहित्य में रसों की संख्या 27) द्रव, स्वाद 28) इन्द्र, सूर्य 30) विलक्षण बात या कार्य, आफत 31) बुध ।कौशिक ऋषी द्वारा रचित श्रीरामजी का एक स्तोत्र34) गजानन, गणपति 35) स्वीय भाव, अपना अस्तित्व, घमंड 37) सरस्वती, संन्यासियों के दस उपाधियों में से एक 38) रिवाज 39) बरगद का पेड़ 41) महाभारत में कौरवों के मामा 44) स्थानान्तर, दूसरा पद 46) योग्य, समर्थ, उपयुक्त 48) सप्त पातालों में से एक 49) पराजय, हारना 50) झुका हुआ 51) गंगा के किनारे का एक प्राचीन जनपद, जहां महाभारत में वर्णित लाक्षागृह बनाया गया था 54) शब्द, आवाज 56) सहित, साथ मिलकर 57) सिकुड़न 60) भू लोक, पृथ्वी 62) बाण 64) एकाग्र दृष्टि 66) गधा, गर्दभ 67) हलवाहा, किसान 69) बारह राशियों में से एक 70) भस्म, राखी 71) चिट्ठियों को ले आने और ले जाने की सरकारी व्यवस्था 73) नीती, न्याय, नम्रता 74) कान में पहनने का एक प्रकारका एक गहना 75) स्थल, ठिकाना 77) नम्र करना, विनीत करना 78) रात्र, निशा 80) देश, राज्य 82) पर्वत, पहाड़ 84) गफलत करनेवाला, असावधान 86) कभी जीर्ण न होनेवाला, चिरस्थायी 87) अस्वीकृत या निषेधसूचक शब्द 88) सांपत्तिक सामर्थ्य, निजी संपत्ति 89) वरदान देनेवाली देवता 90) बेजोड़, जिसका कोई जवाब न हो 92) सेवक, दास 95) अपने अधिकार की रक्षा के लिये न्यायालय में अर्पित प्रार्थना पत्र 96) चेहरा छिपाने का कपड़ा 98) तोता 99) छोटे कद का 100) एक रंग 103) असुर, राक्षस 105) सुन्दर स्त्री 107) संग्राम, लड़ाई 108) महत्व, बड़प्पन, आदर (अ.) 109) लड़ाई करनेवाला, योद्धा 110) सर्वनाम 'मैं' का बहुवचन रुप 111) मां के पिताजी

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691





# दुनिया मां बनने के बाद खिलाड़ियों को वापसी में मदद करती है लेकिन विनेश को रोका जा रहा है: साक्षी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के साथ खेलों में वापसी को लेकर चल रहे विवाद में विनेश फोगाट का समर्थन करते हुए कहा कि दुनिया भर में मां बनने के बाद महिलाओं को वापसी के लिए नियमों में ढील दी जा रही है,***



वहीं दूसरी ओर विनेश की राह रोकने की कोशिश हो रही है। डब्ल्यूएफआई द्वारा अयोग्य घोषित किए जाने के बावजूद विनेश गोंडा में आयोजित राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में हिस्सा लेने पहुंचीं। महासंघ ने उन्हें लंबा कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कहा कि डोपिंग रोधी नियमों के तहत संन्यास के बाद वापसी करने वाले खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य छह महीने की नोटिस अवधि पूरी किए बिना उन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

दस महीने के बेटे की मां विनेश ने नोटिस का जवाब देते हुए पीछे हटने से इनकार कर दिया है, जबकि डब्ल्यूएफआई अपने रुख पर कायम है।

यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर डब्ल्यूएफआई के तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ हुए चर्चित आंदोलन के दौरान साक्षी, विनेश की करीबी सहयोगी थीं। हालांकि बाद में विनेश के कांग्रेस में शामिल होने के बाद दोनों के रास्ते अलग हो गए।

साक्षी ने सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में कहा, 'मुझसे इस मुद्दे पर राय मांगी गई थी और मैं पिछले दो-तीन दिनों से सोच रही थी, क्योंकि विनेश एक राजनीतिक दल की विधायक हैं और मेरा किसी भी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं है। लेकिन मैं आपको ऐसे कई उदाहरण दे सकती हूं, जहां देशों ने अपने खिलाड़ियों के लिए नियमों में ढील दी ताकि महिलाएं मां बनने के बाद भी खेल सकें और देश के लिए पदक जीत सकें।'

उन्होंने कहा, 'लेकिन हमारा महासंघ ऐसे नियमों की बात कर रहा है जिससे विनेश की वापसी को रोका जा सके। मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, खेल मंत्री मनसुख मांडविया और डब्ल्यूएफआई से आग्रह करती हूं कि विनेश का ट्रायल कराया जाए, ताकि वह भी देश के लिए पदक जीत सकें और मां बनने के बाद सफलता हासिल कर महिलाओं के लिए मिसाल बनें।' विनेश ने 2024 पेरिस ओलंपिक के फाइनल से निर्धारित वजन सीमा से 100 ग्राम अधिक पाए जाने के कारण अयोग्य ठहराए जाने के बाद कुश्ती से संन्यास की घोषणा कर दी थी। हरियाणा की इस पहलवान ने बाद में राजनीति में प्रवेश किया और उसी वर्ष जुलाना विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुईं।

# 1 नाम से बनी 3 फिल्में, पहली और दूसरी हिट, तीसरी रहीं सुपरहिट, अब नए भाग पर मेकर्स ने लगाया करोड़ों का दांव..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड की कई फ्रेंचाइजी फिल्में लोगों की पसंदीदा रही हैं, लेकिन उनमें से कुछ ही भाग पिछली फिल्म के मुकाबले ज्यादा सफलता हासिल कर पाए।***



'धमाल', 'दृश्यम', 'गदर', 'धूम', 'गोलमाल', 'टाइगर', 'कृष' से लेकर 'हाउसफुल' जैसी बेहतरीन फिल्मों के अब तक कई भाग देखें होंगे, लेकिन इनमें से कुछ ही फ्रेंचाइजी बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा पाई। आज हम हिंदी सिनेमा की एक ऐसी ही धांसू फिल्म की बात कर रहे हैं, जो बॉलीवुड की हिट फ्रेंचाइजी में शामिल है। इस फिल्म ने साबित कर दिया कि अगर किरदार और स्क्रिप्ट अच्छी हो तो दर्शकों को बिना किसी शोर-शराबे के भी सिनेमाघरों तक खींचा जा सकता है।

## एक नाम पर बनी तीन धांसू फिल्में..

हम बात कर रहे हैं फिल्म 'डॉन' की, जब 1978 में 'डॉन' पहली बार रिलीज हुई थी तो किसी ने सोचा भी नहीं था कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा देगी और उस वक्त की हिट फिल्म बन जाएगी। फिल्म की सबसे बड़ी खासियत इसकी स्टार कास्ट और कहानी है, जो लोगों को बहुत पसंद आई। अमिताभ बच्चन और जीनत अमान ने 1978 की कल्ट-क्लासिक एक्शन थ्रिलर फिल्म 'डॉन' में मुख्य भूमिका निभाई थी। बिग बी ने इस फिल्म में डबल रोल प्ले किया था। वहीं एक्ट्रेस ने 'रोमा' का किरदार निभाया था। सलीम-जावेद द्वारा लिखी गई यह फिल्म हिट साबित हुई और अपने यादगार गानों के लिए मशहूर हुई। साथ ही, इसने एक सफल फिल्म सीरीज की भी शुरुआत की।

## शाहरुख खान की सुपरहिट फ्रेंचाइजी..

अमिताभ बच्चन और जीनत अमान की डॉन की रिलीज के 48 साल बाद शाहरुख खान स्टारर फिल्म 'डॉन' आई, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई। इस फिल्म ने दुनिया भर में 106 करोड़ से ज्यादा की कमाई की, जबकि इसका बजट लगभग 40 करोड़ था। यह 2006 की पांचवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई। इस फिल्म की तारीफ इसके स्टाइलिश एक्शन, गाने और शाहरुख खान द्वारा निभाए गए नेगेटिव किरदार के लिए की गई। इसमें लीड में प्रियंका चोपड़ा जोनस थीं। इसके बाद 2011 में 'डॉन 2' आई, जिसमें प्रियंका चोपड़ा और शाहरुख खान के बीच खतरनाक लड़ाई देखने को मिली। इस फिल्म ने दुनिया भर में 202 करोड़ से ज्यादा का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया।

## डॉन 3 का हुआ ऐलान..

2023 में प्रोडक्शन हाउस ने घोषणा की कि तीसरी किस्त में रणवीर सिंह मुख्य किरदार निभाएंगे। फरहान अख्तर ने एक पोस्ट साझा करते हुए कहा, 'एक नए युग की शुरुआत हो रही है।' हाल ही में मेकर्स ने यह भी बताया कि डॉन 3 की कहानी पर काम चल रहा है, लेकिन कास्ट और रिलीज डेट को लेकर कोई अपडेट नहीं दी है।

# थाईलैंड ओपन बैडमिंटन:

# सात्विक-चिराग की जोड़ी ने किया विजयी आगाज..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के पुरुष युगल के पहले दौर के मुकाबले में मंगलवार को यहां इंडोनेशिया के मोह पुत्रा एरवियांस्याह***



और बागास मौलाना की जोड़ी को शिकस्त दी। विश्व रैंकिंग में चौथे पायदान पर काबिज भारतीय जोड़ी ने 64 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले को 21-19, 21-23, 21-10 से जीतकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया। भारतीय जोड़ी शुरुआती गेम में एक समय 11-16 से पीछे चल रही थी। उन्होंने इसके बाद लगातार सात अंक जीतकर मुकाबले में वापसी की। इंडोनेशियाई खिलाड़ियों ने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 कर दिया, लेकिन सात्विक और चिराग ने दबाव में बेहतरीन खेल दिखाते हुए पहला गेम अपने नाम किया।

दूसरा गेम बेहद करीबी रहा। दोनों जोड़ियों के बीच लंबी रैलियां देखने को मिलीं और ब्रेक तक भारतीय खिलाड़ियों ने मामूली बढ़त बना ली थी। ब्रेक के बाद इंडोनेशियाई जोड़ी ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 17-14 की बढ़त हासिल कर ली। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने इसका दमदार जवाब दिया लेकिन इस गेम को मामूली अंतर से गंवा बैठे जिससे मुकाबला निर्णायक गेम तक पहुंच गया। सात्विक और चिराग तीसरे और अंतिम गेम में पूरी तरह हावी नजर आए। उन्होंने शुरुआत से बढ़त बनाई और ब्रेक तक 11-5 से आगे हो गए। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने मुकाबले पर पकड़ बनाए रखते हुए आसानी से यह गेम जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

भारतीय जोड़ी का सामना अब अगले दौर में मलेशिया के ब्रायन जेरेमी गूंटिंग और मोहम्मद हैकाल से होगा। इससे पहले पुरुष एकल क्वालीफिकेशन मुकाबले में मलेशिया के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ली जी जिया ने भारत के मानव चौधरी को 21-19, 21-18 से हराया। ली हाल ही में टखने और पीठ की चोट से उबरकर कोर्ट पर लौटे हैं।


मिश्रित युगल क्वालीफिकेशन में भारत के एम जगलान और एल जगलान की जोड़ी को चीनी ताइपे के त्साई फू चेंग और सुंग यू ह्सुआन के खिलाफ 11-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा जबकि महिला एकल क्वालीफिकेशन में थाईलैंड की वाई केटकलिएंग ने भारत की ए शाहापुरकर को 21-5, 21-7 से शिकस्त दी।

पुरुषों के युगल वर्ग के पहले दौर में हरिहरन अम्साकरुणन और एमआर अर्जुन की सातवीं वरीय जोड़ी को चीनी ताइपे के चेन जी रे और लिन यू चीह के खिलाफ 18-21, 20-22 से हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल में रुतपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा को लिन चिह चुन और यांग चू युन की चीनी ताइपे की जोड़ी के हाथों 9-21, 11-21 से हार झेलनी पड़ी।

# बिना गॉडफादर कमाई शोहरत, 'राम लखन' की विविया बन हुई थीं मशहूर, एक्सीडेंट ने बर्बाद कर दिया करियर..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड की कई एक्ट्रेस ऐसी हैं, जिन्होंने फिल्मों में लीड रोल के बजाय खलनायक या नकारात्मक भूमिकाएं निभाकर पहचान बनाई। वहीं कुछ हसीनाएं ऐसी भी रहीं, जिन्होंने पर्दे पर खूबसूरत हीरोइन के साथ-साथ विलेन के किरदार में भी खूब धूम मचाई।***



जैसे 'ऐतराज' में प्रियंका चोपड़ा और 'अंधाधुन' में तब्बू ने अपने नेगेटिव रोल से सभी के होश उड़ा दिए थे। आज हम बॉलीवुड की एक ऐसी ही एक्ट्रेस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने लीक से हटकर विलेन का रोल कर पहचान बनाई। अपने सुभाष घई की फिल्म 'राम लखन' जरूर देखी होगी।

इसमें विलेन के साथ रहने वाली विविया का रोल दर्शकों को बहुत पसंद आया था, जिसे एक्ट्रेस सोनिका गिल ने प्ले किया था। इस किरदार ने उन्हें खास पहचान दिलाई, लेकिन एक दिन अचानक वह गायब हो गई और अब सालों बाद उनका लुक भी पूरी तरह से बदल गया है।

## 37 साल पहले विलेन बन मशहूर हुई थी ये एक्ट्रेस..

साल 1989 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'राम लखन' में जैकी श्रॉफ, अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित जैसे कई बेहतरीन सितारे नजर आए। इनके अलावा एक्ट्रेस सोनिका गिल भी उस वक्त काफी चर्चा में रही हैं, जिसने अपनी दमदार एक्टिंग और लुक से लोगों का दिल जीत लिया। सोनिका ने 'राम लखन' में विविया का किरदार निभाया था। दिल्ली की रहने वाली सोनिका गिल एक क्लासिकल डांसर थीं। अपने करियर की शुरुआत में सोनिका गिल ने छोटे-छोटे और साइड रोल किए, लेकिन 'राम लखन' से उनकी किस्मत चमक गई।

## सुभाष घई ने इस एक्ट्रेस को ऑफर की थी तीन फिल्में..

फिल्मी दुनिया में कदम रखने के बाद सोनिका गिल बिना किसी गॉडफादर के अपने सफर की शुरुआत की। उन्होंने फिल्मों में पहले छोटे-छोटे रोल किए। वह 'नजराना प्यार का', 'प्रेम गीत', 'सिसकियां', 'आज की आवाज', 'अनोखा इंसान' और 'मैं और तुम' जैसी फिल्मों में साइड रोल में दिखाई दीं। काम की बात यह है कि स्कूल के दौरान एक्ट्रेस सोनिका गिल और सिंगर सोनू निगम दोस्त थे, जिसके साथ उन्होंने स्टेज परफॉर्म भी किया है और अपनी आवाज का भी जादू दिखाया है। सोनिका गिल का काम सुभाष घई को बहुत पसंद आया और उन्होंने पहली मुलाकात में एक्ट्रेस को तीन फिल्मों के कॉन्ट्रैक्ट के लिए साइन कर लिया। साल 2024 में बॉलीवुड ठिकाना को दिए इंटरव्यू में सोनिका गिल ने अपने करियर को लेकर कई खुलासे किए थे।

## भारत छोड़ दुबई क्यों चली गई थीं सोनिका गिल..

जनवरी 1992 में उनका कार एक्सीडेंट हुआ, जिसने सोनिका गिल के करियर पर ब्रेक लगा दिया। इस दुर्घटना में उनके पैर में फ्रैक्चर आया। हालांकि, लंबे समय तक ठीक न हो पाने के कारण सोनिका के हाथ से कई फिल्में निकल गई और फिर दुखी होकर सोनिका गिल भारत छोड़ दुबई चली गईं। वहां उन्होंने अभिनेता राजन सिप्पी के मशहूर रेस्टोरेंट द मुगल रूम में मैनेजर के तौर पर काम करना शुरू किया, लेकिन रेस्टोरेंट बंद होने के बाद सोनिका भारत लौट आईं।

## किस हाल में जी रही 'राम लखन' की एक्ट्रेस..

अब सोनिका अपने पति मितेश रुघानी के साथ रह रही हैं, जिनसे उनकी एक बेटी है। बात दें कि एक्ट्रेस अपने पति की पहली पत्नी और उनके दो बेटों के साथ एक ही घर में रहती हैं। एक्ट्रेस ने लंबे एक्टिंग ब्रेक के बाद 'माय फ्रेंड गणेशा 3' से वापसी की।

बाद में 'अक्कड़ बक्कड़ बम बे बो', 'दाल में कुछ काला है' जैसी फिल्में और 'अनामिका' जैसे टीवी शो में काम किया। मगर 'राम लखन' जैसा स्टारडम उन्हें फिर कभी नहीं मिल पाया। हालांकि, वह कुछ छोटे शोज में काम करती रहती हैं, लेकिन एक एक्सीडेंट के बाद उनके करियर को कोई खास सफलता नहीं मिल पाई।

# पाकिस्तानी खिलाड़ी ने तोड़ दिया अनोखा वर्ल्ड रिकॉर्ड, उम्र के इस पड़ाव पर रचा इतिहास..

डेस्क जगप्रेरणा।

***पाकिस्तान क्रिकेट टीम इस वक्त बांग्लादेश के दौरे पर है। जहां दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। पहला टेस्ट ढाका में है। इसमें पाकिस्तान के एक गेंदबाज ने बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वैसे आपको पहले ही बता दें कि ये कोई बहुत अच्छा रिकॉर्ड नहीं है।***



जो काम उन्हें बहुत पहले कर लेना चाहिए था, वो अब कर रहे हैं। हम बात कर रहे हैं नोमान अली की, जिन्होंने अपने 100 टेस्ट विकेट पूरे किए हैं।

## नोमान अली ने साल 2021 में किया था टेस्ट डेब्यू..

नोमान अली ने साल 2021 में ही अपना टेस्ट डेब्यू किया था। हालांकि तब उनकी चर्चा काफी हुई थी। तब से लेकर अब तक वे पाकिस्तान की टीम का हिस्सा बने हुए हैं। अब उन्होंने अपने 100 टेस्ट विकेट भी पूरे कर लिए हैं। हालांकि जिस उम्र में उन्होंने ये काम किया है, उसने जरूर रिकॉर्ड बना दिया है। नोमान अली टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा उम्र में 100 विकेट लेने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने ये काम 39 साल और 219 दिन की उम्र में पूरा किया है।

## कौन थे बॉबी पील..

इससे पहले ये रिकॉर्ड बॉबी पील के नाम था, जिन्होंने 39 साल 180 दिन की उम्र में ये काम किया था। उनका नाम भी शायद आपने नहीं सुना होगा। पील ने साल 1884 से लेकर 1896 तक क्रिकेट खेला और वे इंग्लैंड के खिलाड़ी हुआ करते थे। उसके बाद अब जाकर ये रिकॉर्ड टूटा है। उन्होंने अपने करियर में 20 मैच खेलकर 101 विकेट लिए थे।

## बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में लिए कुल चार विकेट..

नोमान अली की बात की जाए तो वे अभी अपना 21 टेस्ट मैच खेल रहे हैं और 100 विकेट हासिल कर लिए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज के पहले मैच की पहली पारी में नोमान ने 20 ओवर फेंककर केवल एक विकेट लिया, वहीं दूसरी पारी में उन्होंने 18 ओवर में तीन विकेट अपने नाम करने में कामयाबी हासिल की है। नोमान की सफलता तो बड़ी है, लेकिन उन्हें ये काफी देर बाद मिली है। काफी पहले ही उन्हें ये काम करना चाहिए था। लेकिन उनके डेब्यू में ही देरी हुई। देखना होगा कि उनका करियर कितने दिन और चलता है।

# टेनिस ने पुरस्कार राशि बढ़ाने के लिए खिलाड़ियों को एकजुट कर रही हैं पेगुला..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

पुरुष एवं महिला वर्ग में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर और एरीना सबालेंका का टेनिस टूर्नामेंट विशेषकर ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताओं की पुरस्कार राशि बढ़ाने के अभियान को जेसिका पेगुला का भी समर्थन मिला है जो खिलाड़ियों को इस मामले में एकजुट करने की भूमिका निभा रही हैं। यूएस ओपन 2024 की उपविजेता पेगुला के लिए यह स्वाभाविक है, क्योंकि वह खेल प्रबंधकों के परिवार में पली-बढ़ी हैं। उनके माता-पिता एनएफएल की बफेलो बिल्स और एनएचएल की बफेलो सेबर्स के मालिक हैं। पेगुला ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह शायद स्वाभाविक रूप से हो जाता है क्योंकि मुझे लगता है कि मैंने इसमें कुछ हद तक नेतृत्व की भूमिका निभाई है।'



विश्व की पांचवें नंबर की खिलाड़ी पेगुला को इस साल महिला टेनिस कैलेंडर, रैंकिंग अंकों के नियमों और कुछ स्पर्धाओं में भाग लेने की योग्यता तय करने के लिए गठित किए गए 13 सदस्यीय पैनल का नेतृत्व करने के लिए नामित किया गया था। अब वह पुरस्कार राशि के मुद्दे पर भी काम कर रही हैं। पेगुला ने कहा, 'मुझे किसी भी खिलाड़ी के पास जाकर यह पूछने में कोई झिझक नहीं है कि 'क्या आप इसमें दिलचस्पी रखते हैं या नहीं।' कुछ खिलाड़ियों को परवाह नहीं होती और वे इसको लेकर चिंतित नहीं होते। कभी-कभी वे कहते हैं, 'हां, मैं पूरी तरह से तैयार हूं।' मैं पुरुष और महिला दोनों वर्ग के खिलाड़ियों से संपर्क कर रही हूं।' सबालेंका ने पिछले सप्ताह कहा था कि खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के राजस्व में बड़ा हिस्सा पाने के लिए बहिष्कार पर विचार करना चाहिए, जबकि सिनर ने कहा कि आयोजकों में खिलाड़ियों के प्रति सम्मान की कमी है। पेगुला ने कहा, 'आखिर में खिलाड़ियों की मांग महत्वपूर्ण होती है।

एरीना और यानिक को इस मामले में खुलकर बोलते हुए देखना अच्छा लगा। मैं जानती हूं कि कई अन्य खिलाड़ी भी ऐसा ही महसूस करते हैं। लेकिन जब विश्व के दोनों नंबर एक खिलाड़ी इस पर खुलकर बोलते हैं, तो उनकी बात सुननी ही पड़ती है।' एनएफएल और एनएचएल में खिलाड़ियों को राजस्व का लगभग 50 प्रतिशत मिलता है वहीं अधिकतर टेनिस प्रतियोगिताओं में यह आंकड़ा इससे आगे से भी कम है।

खिलाड़ियों ने पिछले सप्ताह जो बयान जारी किया था उसके अनुसार फ्रेंच ओपन में खिलाड़ियों को कथित तौर पर 14.9 प्रतिशत से भी कम हिस्सा दिया जा रहा है।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# मुक्त व्यापार समझौतों के अधिकतम इस्तेमाल के लिए सरकार बना रही विस्तृत योजना: गोयल

नई दिल्ली, (भाषा)।

***सरकार भारतीय उद्योग द्वारा मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के बेहतर उपयोग के लिए विस्तृत योजना तैयार कर रही है। इसके तहत 500 प्रतिनिधिमंडल विदेश भेजे जाएंगे, 1,000 लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा और करीब 1,600 उद्योग संगठनों से संपर्क साधा जाएगा।***



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को यहां उद्योग मंडल सीआईआई के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में कहा कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच इन व्यापार समझौतों का अधिक इस्तेमाल निर्यात बढ़ाने और निवेश आकर्षित करने में मदद करेगा।

उन्होंने कहा, ÷हम विस्तृत स्तर पर योजना बना रहे हैं कि इन एफ्टीए का लाभ किस तरह उठाया जाए और वैश्विक संकट को अवसर में बदला जाए।÷ गोयल ने कहा कि स्विट्जरलैंड, अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे देशों में प्रति व्यक्ति आय अधिक है और वे भारत की तुलना में कम लागत पर उत्पादन नहीं कर सकते। इस तरह भारत के पास प्रतिस्पर्धी विनिर्माण और प्रतिभा की ताकत है, जिससे वह इन बाजारों का बेहतर उपयोग कर सकता है।

उन्होंने कहा, ''अगले आठ-नौ महीनों में एफ्टीए वाले देशों में भारत से 500 प्रतिनिधिमंडल भेजने की योजना है। साथ ही 1,600 उद्योग मंडलों के साथ संपर्क कर नए उत्पादों के निर्यात और नए बाजारों की पहचान को बढ़ावा दिया जाएगा।''

उन्होंने कहा कि 1,000 पेशेवरों को प्रशिक्षित कर विभिन्न जिलों में तैनात किया जाएगा, जो उद्यमियों को इन व्यापार समझौतों के लाभ और उपयोग के बारे में जानकारी देंगे।

गोयल ने कहा कि कुछ ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए वैश्विक स्तर पर विस्तार करना तत्काल जरूरी है।

उन्होंने कहा, ÷हम दुनिया भर में गोदामों के वित्तपोषण पर विचार कर रहे हैं, ताकि कंपनियां अपने उत्पादों का वहां भंडारण कर सकें और मांग के अनुरूप आपूर्ति कर सकें।÷

उन्होंने कहा कि अगले पांच-छह वर्षों में 2,000 अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल करने के लिए उद्योग के साथ मिलकर काम किया जाएगा। लगभग 15 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के साथ यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि वाहन, इस्पात और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में नवाचार एवं प्रतिस्पर्धा के बल पर निर्यात वृद्धि की पर्याप्त संभावना है।

# लागत से कम दाम पर बिकवाली से सोयाबीन तेल में गिरावट, डीओसी की मांग से सोयाबीन तिलहन मजबूत

नई दिल्ली, (भाषा)।

***आयातकों द्वारा आयातित सोयाबीन तेल लागत से नीचे दाम पर बेचने के कारण मंगलवार को देश के बाजारों में सोयाबीन तेल के दाम में गिरावट दर्ज हुई जबकि सोयाबीन के***



तेल रहित खल (डी-आयल्ड केक या डीओसी) की स्थानीय मांग बढ़ने के बीच सोयाबीन तिलहन के दाम में सुधार देखने को मिला। सामान्य और सुस्त कामकाज के बीच बाकी तेल-तिलहनों के दाम स्थिर बने रहे। मलेशिया एक्सचेंज में गिरावट है जबकि कल रात शिकॉगो एक्सचेंज गिरावट के साथ बंद हुआ था और फिलहाल इसमें मामूली सुधार है।

बाजार सूत्रों ने कहा कि देश के आयातक बैंकों में अपना 'लेटर आफक्रेडिट' या ऋण साख-पत्र (एलसी) घुमाते रहने के चक्कर में आयात किया गया सोयाबीन तेल लागत से 3-3.5 प्रतिशत नीचे दाम पर बेच रहे हैं। इससे बैंकों के कर्ज डूबने की आशंका रहती है दूसरा यह कि यह कारोबारी धारणा को प्रभावित करता है। लेकिन इस बारे में शायद किसी समीक्षक ने चिंता जताई हो और सरकार को इसके नुकसान के बारे में आगाह किया हो।

उन्होंने कहा कि सरकार को इस बात की ओर ध्यान देना होगा कि इस घाटे के कारोबार के बीच बैंकों के ऋण की क्या स्थिति है।

सूत्रों ने कहा कि दूसरी ओर सोयाबीन के डीओसी की स्थानीय और निर्यात मांग के कारण सोयाबीन तिलहन के दाम में सुधार आया।

उन्होंने कहा कि सोयाबीन का या तो सरकार के पास या फिर कुछ किसानों के पास स्टॉक है। सरकार के पास तेलंगाना, गुजरात या महाराष्ट्र में सोयाबीन तिलहन का स्टॉक है। महाराष्ट्र के सांगली में अगले 15-20 दिन में सोयाबीन की बिजाई शुरू हो सकती है। कई साल के बाद किसानों को सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से अच्छे दाम मिले हैं और किसानों में इसका उत्साह भी है। इससे आगे इसकी बिजाई का रकबा बढ़ने की उम्मीद की जा रही है।

सामान्य और सुस्त कामकाज के बीच बाकी अन्य तेल-तिलहनों के भाव स्थिर बने रहे। वैसे यह भी तथ्य है कि सोयाबीन तेल के साथ-साथ पाम-पामोलीन तेल भी लागत से नीचे दाम पर बिक रहा है। इस स्थिति को संभालने की आवश्यकता है। खाद्य तेल की जरूरतों को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर इस देश में, आयातकों द्वारा आयात लागत से नीचे दाम पर खाद्य तेलों की बिक्री करना एक विरोधाभासी कदम है।

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे:

सरसों तिलहन - 7,025-7,050 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,650-7,125 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,750 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,500-2,800 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 14,350 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,400-2,500 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,400-2,545 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,650 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,550 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,100 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,625 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 15,350 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,400 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,275 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।


सोयाबीन दाना - 7,150-7,200 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 6,800-6,875 रुपये प्रति क्विंटल।

# रुपया 40 पैसे लुढ़ककर 95.68 प्रति डॉलर के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर

मुंबई, (भाषा)।

***अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति बढ़ने से मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 40 पैसे औंधे लुढ़ककर 95.68 के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ।***



विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि पश्चिम एशिया में 10 सप्ताह से जारी संघर्ष के गहराने और तेल एवं गैस आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंकाओं से बाजार की धारणा प्रभावित हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के शांति प्रस्ताव को पूरी तरह अस्वीकार्य बताते हुए इसे ठुकराए जाने से अनिश्चितता और बढ़ गई है।

इसके अलावा, बाज़ार के प्रतिभागियों ने सप्ताहांत पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ईंधन संरक्षण और आयात में कमी से जुड़ी टिप्पणियों को इस बात की एक सूक्ष्म स्वीकारोक्ति के रूप में समझा कि यदि कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर बनी रहती हैं, तो भारत का व्यापार घाटा और भुगतान संतुलन से जुड़ा दबाव और बिगड़ सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.57 पर खुला और कारोबार के दौरान 95.74 के अब तक के निचले स्तर तक आ गया। कारोबार के अंत में यह 95.68 पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 40 पैसे की बड़ी गिरावट है।

सोमवार को भी रुपया 79 पैसे टूटकर 95.28 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था।

विश्लेषकों के अनुसार, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और डॉलर की मजबूती से रुपये पर दबाव बना हुआ है। हालांकि, निचले स्तर पर भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप से कुछ सहारा मिल सकता है।

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, ''अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता को लेकर व्याप्त अनिश्चितता के बीच रुपये में कमजोरी का रुख बना रह सकता है। डॉलर-रुपये की हाजिर विनिमय दर 95.30 से 96 के दायरे में रहने की उम्मीद है।''

इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.33 प्रतिशत बढ़कर 98.28 पर रहा।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की वायदा कीमत 3.09 प्रतिशत बढ़कर 107.43 डॉलर प्रति बैरल हो गई। इससे आपूर्ति बाधित होने और ऊर्जा लागत बढ़ने की आशंकाएं बढ़ गई हैं।

विशेषज्ञों के मुताबिक, पेट्रोल-डीजल के विवेकपूर्ण इस्तेमाल और विदेशी मुद्रा को बचाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सलाह से देश की ऊर्जा स्थिति से जुड़ी चिंताएं और बढ़ गई हैं। इसका असर घरेलू शेयर बाजार पर भी देखा जा रहा है।

बीएसई सेंसेक्स 1,456.04 अंक टूटकर 74,559.24 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 436.30 अंक के नुकसान के साथ 23,379.55 अंक पर आ गया।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने मंगलवार को 1,959.39 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# पीएम इंटर्नशिप योजना में सुस्त प्रतिक्रिया पर सरकार ने कंपनियों के रुख पर उठाए सवाल

नई दिल्ली, (भाषा)।

***प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) को लेकर अपेक्षाकृत सुस्त प्रतिक्रिया आने के बीच सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि यदि शीर्ष कंपनियां देश के युवाओं को आकर्षित नहीं कर पा रही हैं तो यह 'काफी सवाल खड़ा करने वाली' बात है।***




कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय में सचिव दीप्ति गौर मुखर्जी ने यहां उद्योग मंडल सीआईआई के एक कार्यक्रम में कहा कि पीएमआईएस केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि उद्योग की अगुवाई वाली एक बदलावकारी पहल है।

उन्होंने इस योजना को लेकर आ रही धीमी प्रतिक्रिया पर कहा, ''यदि शीर्ष 2,000 कंपनियां युवाओं को अपने साथ जोड़ने में सफल नहीं हो पा रही हैं तो उन्हें अपनी कार्यप्रणाली और इंटर्नशिप की गुणवत्ता पर पुनर्विचार करना चाहिए।''

उन्होंने कहा, ÷यदि हम देश के प्रतिभाशाली युवाओं को आकर्षित नहीं कर पा रहे हैं, तो हमें यह सोचना होगा कि हम उन्हें क्या प्रस्ताव दे रहे हैं और हमारे काम एवं इंटर्नशिप की गुणवत्ता कैसी है।÷ प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को इंटर्नशिप का मौका दिया जाता है और उन्हें न्यूनतम 9,000 रुपये प्रति माह की वित्तीय सहायता मिलती है। वर्तमान में इस योजना के पायलट चरण का तीसरा दौर चल रहा है।

मुखर्जी ने कहा कि इस योजना को केवल संख्या के नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ÷यह उन लोगों के बारे में है जो इन आंकड़ों के पीछे हैं।÷

उन्होंने उद्योग जगत से अपील की कि योजना को महज एक औपचारिकता के रूप में न लें, बल्कि इसे युवाओं के जीवन में बदलाव लाने के अवसर के रूप में देखें।

सरकार ने मार्च में लोकसभा में यह जानकारी दी थी कि योजना के पायलट चरण के पहले दो दौर में 7,292 अभ्यर्थियों ने इंटर्नशिप पूरी किए बिना ही छोड़ दी।

तीन अक्टूबर, 2024 से शुरू हुए योजना के पहले दौर में 6.21 लाख आवेदन मिले थे और 60,000 से अधिक उम्मीदवारों को 82,000 से अधिक इंटर्नशिप ऑफर दिए गए, जिनमें 8,760 ने जॉइन किया।

वहीं, नौ जनवरी, 2025 से शुरू हुए दूसरे दौर में 4.55 लाख आवेदन मिले थे। साझेदार कंपनियों ने 71,000 से अधिक उम्मीदवारों को 83,000 ऑफर दिए और 7,300 से अधिक युवा इंटर्नशिप का हिस्सा बने।

# वैश्विक चुनौतियां उद्योग जगत को सजग करने वाली, दक्ष और उत्पादक बनने की जरूरत: गोयल

नई दिल्ली, (भाषा)।




वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि मौजूदा वैश्विक चुनौतियां घरेलू उद्योगों को सजग करने वाली हैं, ताकि वे आत्मनिर्भर और उत्पादक बनें, मुक्त व्यापार समझौतों का बेहतर उपयोग करें और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए आयात पर निर्भरता कम करें। उन्होंने कहा कि दुनिया एक चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रही है क्योंकि पश्चिम एशिया में युद्ध ने निश्चित रूप से वैश्विक व्यापार और निवेश प्रवाह को बाधित किया है, लेकिन इस 'कठिन समय' में भारत के पास दूसरों से आगे निकलने का एक बड़ा अवसर है।

मंत्री ने उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सालाना व्यापार सम्मेलन में कहा, ''प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) ने देशवासियों को एक स्पष्ट आह्वान किया है और अब सामूहिक कार्रवाई का समय है।'' गोयल ने कहा कि भारत ने लगातार संकट को अवसर में बदला है और प्रतिकूल परिस्थितियों में हमेशा मजबूत होकर उभरा है।

उन्होंने कहा, ''वर्तमान वैश्विक स्थिति को भारत के लिए एक 'चेतावनी' के रूप में देखा जाना चाहिए ताकि वह अधिक कुशल, उत्पादक और आत्मनिर्भर बन सके।'' मंत्री ने इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने का आह्वान किया क्योंकि इससे देश के तेल खर्च में भारी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे और परिवहन में सरकार का भारी निवेश और उद्योग के आयात खर्च को कम करने के लिए जारी प्रयास, चाहे वे किसी भी रूप में हों, देश को मजबूत बनाएंगे। ''मुझे चिंता करने का कोई कारण नहीं दिखता। मेरा मानना है कि हमें सशक्त होने की आवश्यकता है।''

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर विदेशी मुद्रा बचाने के लिए ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग, सोने की खरीद और विदेश यात्रा को स्थगित करने जैसे उपायों का आह्वान किया था।

उन्होंने हैदराबाद में तेलंगाना भाजपा की एक रैली को संबोधित करते हुए पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच विदेशी मुद्रा बचाने के लिए पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने, शहरों में मेट्रो रेल सेवाओं का उपयोग करने, कार 'पूलिंग' करने, इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का अधिक उपयोग करने और घर से काम करने का सुझाव दिया। गोयल ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने लोगों को व्यापारिक यात्राएं बंद करने के लिए नहीं कहा है, बल्कि उपभोग और अवकाश खर्च में कटौती करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा, ''कृपया व्यापार के लिए दुनिया भर में जाएं, अधिक पैसा कमाने के लिए खर्च करें, देश में अधिक विदेशी मुद्रा लाएं, निर्यात ऑर्डर प्राप्त करें, दुनिया भर में प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करें। आपको 2,000 अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करना है।''

गोयल ने कहा कि यदि देश में सोने की मांग को कम करने की कोई योजना है, तो ''मुझे इस विषय की जानकारी नहीं है क्योंकि यह मुझसे संबंधित नहीं है।'' उन्होंने कहा कि भारतीय उद्योग को एक-दूसरे का समर्थन करना सीखना चाहिए, ठीक उसी तरह जैसे जापान और दक्षिण कोरिया में कंपनियां संचालित होती हैं। मंत्री ने कहा कि अब एक-दूसरे का समर्थन करना अत्यावश्यक हो गया है। ''अवसरों का पूरा लाभ उठाने का यही सही समय है।''

गोयल ने उद्योग जगत से कृत्रिम मेधा, रोबोटिक्स और क्वांटम कंप्यूटिंग का उपयोग विकास और प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने के लिए करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि एआई को केवल लागत कम करने के साधन के रूप में नहीं, बल्कि व्यापार विस्तार, दक्षता और बाजार विकास के साधन के रूप में देखा जाना चाहिए।

# टारेंट पावर का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में घटकर 331 करोड़ रुपये पर..

नई दिल्ली, (भाषा)।



एकीकृत बिजली कंपनी टोरेंट पावर का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 69 प्रतिशत घटकर 331.49 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले 2024-25 की मार्च तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,077.22 करोड़ रुपये था।

आलोच्य तिमाही में कंपनी की कुल आय मामूली घटकर 6,476.95 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले 2024-25 की इसी तिमाही में 6,570.69 करोड़ रुपये थी। कंपनी का खर्च 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में 5,929.59 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले इसी तिमाही में 5,951.34 करोड़ रुपये था।

पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का शुद्ध लाभ 2,469.36 करोड़ रुपये रहा जो इससे पिछले साल पहले 3,058.61 करोड़ रुपये था।


कंपनी ने एक अलग बयान में कहा कि पिछले वित्त वर्ष का आंकड़ा 'वित्त वर्ष 2024-25 में 637 करोड़ रुपये की आस्थगित कर देनदारियों के एकमुश्त, गैर-नकद बदलाव के लिए समायोजन' के बाद आया है।

टोरेंट पावर के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक जिनल मेहता ने कहा, ''वित्त वर्ष 2025-26 हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, क्योंकि हम सतत विकास के अगले चरण के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। हमने अपने दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ नवीकरणीय ऊर्जा, तापीय ऊर्जा और भंडारण समाधान कारोबार के विकास में तेजी लाने के लिए महत्वपूर्ण पूंजी निवेश किया है। उन्होंने कहा, ''तापीय ऊर्जा कारोबार में, हमने अपनी तापीय क्षमता को तीन गीगावाट तक बढ़ाने के लिए 30,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। इसमें मध्य प्रदेश में 1,600 मेगावाट की एक नई विद्युत परियोजना का निर्माण शुरू करना और 1,400 मेगावाट की नाभा पावर का रणनीतिक अधिग्रहण शामिल है, जो तापीय ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र में हमारी स्थिति को और मजबूत करता है।'' कंपनी के निदेशक मंडल ने प्रति शेयर पांच रुपये के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। कंपनी ने इससे पहले 15 रुपये प्रति इक्विटी शेयर का अंतरिम लाभांश दिया था।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने 'नीट यूजी 2026' परीक्षा रद्द की..




जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 3 मई को आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी-2026' को इसका प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के मद्देनजर मंगलवार को रद्द करने की घोषणा की***

तथा सरकार ने सीबीआई को इन 'अनियमितताओं' की विस्तृत जांच करने का आदेश दिया। एनटीए ने कहा कि यह परीक्षा अलग से अधिसूचित तिथियों पर पुनः आयोजित की जायेगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने 'एक्स' पर जारी एक एक बयान में कहा कि यह निर्णय पारदर्शिता बनाए रखने और राष्ट्रीय परीक्षा प्रणाली में विश्वास को बरकरार रखने के हित में लिया गया है।

उसने कहा, 'केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर एनटीए द्वारा तथ्यों को परखे जाने और कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा साझा की गई जांच संबंधी जानकारी के आधार पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने तीन मई 2026 को आयोजित नीट (यूजी) 2026 परीक्षा को भारत सरकार की मंजूरी से रद्द करने और परीक्षा को अलग से अधिसूचित तिथियों पर पुनः आयोजित करने का निर्णय लिया है।' एजेंसी ने कहा कि प्राप्त सूचनाओं और कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा साझा किए गए निष्कर्षों के आधार पर यह स्पष्ट हो गया है कि 'वर्तमान परीक्षा प्रक्रिया को जारी रखना उचित नहीं है।' उसने कहा, 'पुनः होने वाली परीक्षा की तिथियां और उनके लिए जारी किये जाने वाले प्रवेश पत्र की समय-सारणी अगले कुछ दिनों में एजेंसी के आधिकारिक माध्यमों से सूचित की जाएगी।'

### विद्यार्थियों के हित में लिया गया निर्णय..

एनटीए ने कहा कि सरकार ने परीक्षा से जुड़े आरोपों की व्यापक जांच के लिए मामले को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपने का फैसला किया है। उसने कहा, 'एनटीए सीबीआई को पूरा सहयोग देगी और जांच के लिए आवश्यक सभी सामग्री, रिकॉर्ड और सहायता प्रदान करेगी।' एनटीए ने कहा, 'यह निर्णय विद्यार्थियों के हित में और राष्ट्रीय परीक्षा प्रणाली में भरोसे को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।'

### नए पंजीकरण की नहीं होगी आवश्यकता..

एजेंसी ने स्वीकार किया कि परीक्षा को दोबारा आयोजित करने से परीक्षार्थियों और उनके परिवारों को 'वाकई बड़ी असुविधा' होगी। लेकिन परीक्षा प्रणाली में विश्वास को 'बड़ी और स्थायी क्षति' से बचाने के लिए यह निर्णय आवश्यक था। एनटीए के अनुसार, मई 2026 के सत्र में पंजीकृत उम्मीदवारों की जानकारी और चुने गए परीक्षा केंद्रों को पुनः आयोजित होने वाली परीक्षा में शामिल किया जाएगा। ''नए पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी और कोई अतिरिक्त परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा।' विद्यार्थियों द्वारा पहले से भुगतान की गई फीस वापस कर दी जाएगी और परीक्षा एनटीए के आंतरिक संसाधनों का उपयोग करके पुनः आयोजित की जाएगी।

### शीघ्र दी जायेगी परीक्षा की जानकारी..

एजेंसी ने कहा कि परीक्षा की नई तारीखें और संशोधित प्रवेश पत्र की समय सारणी की सूचना आने वाले दिनों में आधिकारिक चैनलों के माध्यम से दी जायेगी तथा परीक्षार्थियों एवं अभिभावकों को सलाह है कि वे केवल एजेंसी द्वारा जारी की गई सत्यापित जानकारी पर ही भरोसा करें।

# अगर किम जोंग की हत्या हुई तो होगा न्यूक्लियर अटैक, ईरान हमले के बाद अलर्ट नॉर्थ कोरिया ने बदला संविधान..

डेस्क जगप्रेरणा।

***ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले से सबक लेते हुए नॉर्थ कोरिया ने अपने संविधान में संशोधन किया है। इस संशोधन के मुताबिक अगर नेता किम जोंग-उन की हत्या हो जाती है या कोई विदेशी दुश्मन उन्हें अक्षम कर देता है,***



तो नॉर्थ कोरिया की सेना जवाबी परमाणु हमला करेगी। फरवरी में ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई और उनके कई करीबी सलाहकार मारे गए थे।

### असेंबली के पहले सत्र के दौरान संशोधन..

नॉर्थ कोरिया ने 22 मार्च को प्योंगयांग में शुरू हुए 15वीं सुप्रीम पीपल्स असेंबली के पहले सत्र के दौरान यह संशोधन किया। टेलीग्राफकी रिपोर्ट के अनुसार, इन बदलावों का खुलासा दक्षिण कोरिया की नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस **(NIS)** द्वारा वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों को दी गई एक ब्रीफिंग के दौरान किया गया। **NIS** की ब्रीफिंग के अनुसार किम अभी भी उत्तर कोरिया के परमाणु बलों की कमान संभाल रहे हैं, लेकिन संवैधानिक संशोधन औपचारिक रूप से जवाबी कार्रवाई की प्रक्रियाओं को परिभाषित करता है, अगर उनकी हत्या हो जाती है या वे नेतृत्व करने में असमर्थ हो जाते हैं।

परमाणु नीति कानून का संशोधित अनुच्छेद 3 कहता है: 'यदि राज्य के परमाणु बलों पर कमांड-एंड-कंट्रोल प्रणाली दुश्मन ताकतों के हमलों से खतरे में पड़ जाती है तो एक परमाणु हमला स्वचालित रूप से और तुरंत शुरू किया जाएगा।'

### ईरान एक वेक-अप कॉल था..

सियोल में कुकमिन विश्वविद्यालय में इतिहास और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के रूसी मूल के प्रोफेसर आंद्रेई लैंकोव ने कहा कि यह बदलाव ईरान में हाल के घटनाक्रमों के बाद प्योंगयांग में बढ़ती चिंताओं को दर्शाता है। उन्होंने कहा, 'यह पहले भी नीति हो सकती थी, लेकिन अब जब इसे संविधान में शामिल कर लिया गया है, तो इस पर और अधिक जोर दिया गया है।' ईरान एक वेक-अप कॉल था। उत्तर कोरिया ने अमेरिका-इज़राइल के 'डीकैपिटेशन' (शीर्ष नेतृत्व को खत्म करने वाले) हमलों की असाधारण दक्षता देखी, जिसने तुरंत ईरानी नेतृत्व के एक बड़े हिस्से को खत्म कर दिया, और अब वे निश्चित रूप से बहुत डरे हुए होंगे।'

### उत्तर कोरिया में आसान नहीं है ईरान जैसा ऑपरेशन..

विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तर कोरिया में इसी तरह का ऑपरेशन करना ईरान की तुलना में कहीं अधिक कठिन होगा, क्योंकि देश पूरी तरह से अलग-थलग है और वहां सुरक्षा नियंत्रण बहुत सख्त हैं। उत्तर कोरिया की सीमाएं काफी हद तक सील रहती हैं, और देश में आने वाले विदेशी राजनयिकों, सहायता कर्मियों और व्यापारियों पर कड़ी नज़र रखी जाती है, जिससे खुफिया जानकारी जुटाने के अवसर सीमित हो जाते हैं।

रिपोर्टों से पता चला है कि इज़राइली खुफिया एजेंसी ने तेहरान में हैक किए गए ट्रैफिक कैमरों के ज़रिए ईरानी नेताओं पर नज़र रखी थी, लेकिन प्योंगयांग में ऐसी तरकीबें अपनाना मुश्किल होगा, क्योंकि वहां **CCTV** नेटवर्क सीमित है और इंट्रानेट प्रणाली पर कड़ा नियंत्रण है। किम जोंग-उन अपनी कड़ी निजी सुरक्षा बनाए रखने के लिए भी जाने जाते हैं। उनके साथ हमेशा बॉडीगार्ड रहते हैं, वे हवाई सफर से बचते हैं और आम तौर पर भारी बख्तरबंद ट्रेन से सफर करते हैं।

प्रोफेसर लैंकोव ने कहा कि प्योंगयांग की मुख्य चिंता शायद सैटेलाइट से निगरानी करने वाली टेक्नोलॉजी होगी। उन्होंने कहा, 'उनका सबसे बड़ा डर सैटेलाइट टेक्नोलॉजी से मिलने वाली जानकारी होगी। कुल मिलाकर उनकी चिंताएं बेबुनियाद नहीं हैं, क्योंकि किसी भी लड़ाई की शुरुआत में ही लीडरशिप को खत्म कर देना शायद निर्णायक साबित हो सकता है।'

### नॉर्थ कोरिया की सेना अपनी लीडरशिप के प्रति वफादार..

उन्होंने आगे कहा कि नॉर्थ कोरिया की सेना अपनी लीडरशिप के प्रति वफ़दार है और अगर कोई हमला होता है, तो वे शायद जवाबी कार्रवाई के आदेशों का पालन करेंगे। प्रोफ़ेसर लैंकोव ने कहा, 'मुझे साउथ कोरिया की तरफ़से किसी हमले की कोई संभावना नहीं दिखती, इसलिए कोई भी जवाबी कार्रवाई यूनाइटेड स्टेट्स को निशाना बनाकर की जाएगी।'

### हॉवित्जर तोप तैनात करने की तैयारी..

इस बीच उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया सीमा के पास नई 155 मिमी सेल्फ-प्रोपेल्ड हॉवित्जर तोप तैनात करने की भी तैयारी शुरू कर दी है। सरकारी मीडिया के अनुसार इसकी मारक क्षमता 37 मील से अधिक है और इससे सियोल तक निशाना साधा जा सकता है। उत्तर और दक्षिण कोरिया के बीच तनाव लगातार बना हुआ है। दोनों देश तकनीकी रूप से अब भी युद्ध की स्थिति में हैं क्योंकि 1950-53 का कोरियाई युद्ध केवल युद्धविराम समझौते पर समाप्त हुआ था, शांति संधि पर नहीं।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, हादसे में जीजा-साले की मौत..




डेस्क जगप्रेरणा।

***राजस्थान के अलवर जिले में सोमवार रात एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। उद्योग नगर थाना क्षेत्र के लोहिया का तिबारा के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।***

इस हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जो आपस में जीजा-साला थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, हादसा सोमवार रात उस समय हुआ जब मुकेश और अनिल जांगिड़ अपनी बाइक से जा रहे थे। तभी पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आनन-फानन में दोनों घायलों को पास के अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### रिश्ते में थे जीजा-साला..

सहायक उपनिरीक्षक साधुराम ने बताया कि मृतकों की पहचान मुकेश और अनिल जांगिड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने परिजनों को सूचित कर दिया था, जिसके बाद मंगलवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके पर वाहन छोड़कर या उसे लेकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

### प्रसव के बाद एक और महिला की मौत..

एक अन्य खबर में, राजस्थान के कोटा में जेके लोन अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी के बाद जटिलताओं के कारण एक और महिला की मौत हो गई, जिससे पिछले एक सप्ताह में जिले में इस तरह की मौतों की कुल संख्या बढ़कर 04 हो गई। मृतक की पहचान पिंकी महावर (30) के रूप में हुई है, जो दिहाड़ी मजदूर चंद्र प्रकाश की पत्नी थीं। पिछले 24 घंटों में जेके लोन अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी के बाद जान गंवाने वाली वह दूसरी महिला हैं।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..
मो. 9329033433

# स्पेन में क्रूज जहाज के यात्री में हंटा वायरस का नया मामला, संक्रमितों की संख्या नौ हुई..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***हंटा वायरस की वजह से सुर्खियों में आए क्रूज जहाज से निकाले गए स्पेन के एक यात्री के वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। स्पेन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह घोषणा की।***

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अब तक नौ मामलों की पुष्टि हुई है। क्रूज पर तीन लोगों की मौत हो गई है। हंटा वायरस से संक्रमित यह यात्री मैड्रिड के एक सैन्य अस्पताल में पृथकवास में है जहां 13 अन्य स्पेनिश नागरिक भी पृथकवास में हैं। इन सभी 13 लोगों की वायरस जांच रिपोर्ट 'निगेटिव' आई है। सभी यात्रियों और चालक दल के कई सदस्यों को सुरक्षित उतार लिये जाने के बाद, एमवी होंडियस जहाज अब नीदरलैंड वापस लौट रहा है, जहां इसकी सफाई की जाएगी।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने मैड्रिड में कहा कि 11 पुष्ट मामलों में से सभी 'एमवी होंडियस क्रूज' जहाज के यात्री या चालक दल के सदस्य हैं। नौ मामलों की पुष्टि 'एंडीज वायरस' के रूप में हुई है। हंटा वायरस के दो संदिग्ध मामले सामने आए हैं, लेकिन उनकी पुष्टि नहीं हुई है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक ने कहा, 'कई देशों की सरकारों और साझेदारों के प्रयासों के कारण पिछले सप्ताह इन आंकड़ों में मामूली बदलाव आया है।' उन्होंने कहा, 'फिलहाल, ऐसा कोई संकेत नहीं है कि हम किसी बड़े प्रकोप की शुरुआत देख रहे हैं, लेकिन निश्चित रूप से स्थिति बदल सकती है और वायरस के संक्रमण के बाद लक्षण दिखने तक का समय लंबा होने के मद्देनजर, यह संभव है कि आने वाले हफ्तों में हमें और अधिक मामले देखने को मिलें।'

इस बीच, नीदरलैंड के एक अस्पताल में हंटा वायरस के एक मरीज का इलाज जारी है। इसी अस्पताल में 12 कर्मचारियों को पृथकवास में रहने के लिए कहा गया है। प्रभावित जहाज से निकाली गई एक फ्रांसीसी महिला पेरिस के एक अस्पताल में गहन चिकित्सा इकाई में है। हालांकि हंटा वायरस का कोई इलाज या टीका नहीं है, लेकिन डब्ल्यूएचओ का कहना है कि शुरुआती पहचान और उपचार से मरीज के जीवित रहने की संभावना बढ़ जाती है।

# दुर्घटना में हुई थी मौत या जानबूझकर की हत्या?

## आरोपी भाई ने पुलिस को सुनाई पूरी कहानी



डेस्क जगप्रेरणा।

***झारखंड के चतरा जिले में एक शख्स की मौत से जुड़ा सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने एक शख्स की हत्या के आरोप में उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पूछताछ में कबूल किया कि झगड़े के दौरान 'दुर्घटनावश' उसके भाई की मौत हो गई।***

चतरा सदर के अनुमंडल पुलिस अधिकारी संदीप सुमन ने सोमवार को बताया कि अनीश कुमार के परिवार ने 6 मार्च को सदर थाने में उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी।

### करीब 2 महीने से अनसुलझा था पूरा मामला..

पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाया और 7 मार्च को चतरा सदर प्रखंड कार्यालय के पास स्थित बंद पड़े सार्वजनिक शौचालय के निकट अनीश कुमार का शव मिला। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई और 9 मार्च को हत्या का मामला दर्ज करा दिया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान **CCTV** फुटेज, डिजिटल साक्ष्य और फॉरेंसिक सबूत जुटाए गए। अनीश के दोस्तों, सहकर्मियों और परिवार के सदस्यों समेत कई लोगों से पूछताछ की गई।

### कड़ी पूछताछ के बाद मनीष ने कबूल किया जुर्म..

पूछताछ में अनीश के भाई मनीष कुमार का बयान संदिग्ध लगा। कड़ी पूछताछ के बाद मनीष कुमार ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। मनीष ने पुलिस को बताया कि 6 और 7 मार्च की दरमियानी रात दोनों भाइयों के बीच झगड़ा हो गया था। वह अपने भाई की तलाश करते हुए ब्लॉक कार्यालय के पास स्थित शौचालय की छत पर पहुंचा, जहां अनीश नशे की हालत में मिला। घर लौटने को लेकर दोनों भाइयों के बीच बहस शुरू हुई और हाथापाई हो गई।

### 'हाथापाई के दौरान नीचे गिरने से अनीश की मौत'..

मनीष ने बताया कि हाथापाई के दौरान अनीश नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई। मनीष का कहना है कि यह पूरी घटना दुर्घटनावश हुई थी। पुलिस अब पूरे मामले की आगे जांच कर रही है और सबूतों के आधार पर कार्रवाई जारी है।

# महाराष्ट्र के सांगली में तेज बारिश और आंधी से बड़ा हादसा, मंदिर की दीवार ढही, 6 लोगों की मौत..



डेस्क जगप्रेरणा।

***महाराष्ट्र के सांगली जिले में तेज बारिश और आंधी के चलते बड़ा हादसा हो गया। यहां मंदिर परिसर की दीवार तेज बारिश और आंधी के कहर को सहन नहीं कर पाई भरभरा कर गिर गई।***

दीवार ढहने से 6 लोगों की मौत हो गई जबकि 12 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

### दीवार गिरते ही मची अफरा-तफरी..

यह हादसा उस वक्त हुआ जब इलाके में तेज आंधी के साथ बारिश हो रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दीवार गिरते ही मंदिर परिसर में अफरा-तफरी मच गई। लोग मलबे में दब गए और चारों ओर चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। अब तक 6 लोगों के मौत की खबर है। घायलों का इलाज नजदीकी अस्पताल में चल रहा है।

### मार्गूदेवी मंदिर में हुआ हादसा..

पुलिस के मुताबिक यह घटना पश्चिमी महाराष्ट्र के सांगली ज़िले की जठ तहसील के मोटेवाड़ी गांव में स्थित मार्गूदेवी मंदिर में हुई। मंदिर परिसर की दीवार के साथ ही टिन की चादरें भी गिर गईं। पुलिस ने बताया कि आमतौर पर मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस मंदिर में आते हैं।

### हादसे के वक्त मंदिर परिसर में 350 श्रद्धालु थे मौजूद..

सांगली के पुलिस अधीक्षक तुषार दोषी ने कहा कि जिस वक्त यह हादसा हुआ उस वक्त मंदिर परिसर में लगभग 350 श्रद्धालु मौजूद थे। शाम को अचानक तेज़ हवाओं के साथ भारी बारिश होने लगी, जिससे श्रद्धालुओं ने एक दीवार के सहारे और टिन की चादरों के नीचे शरण ली। अचानक दीवार और टिन की चादरें गिर गईं, जिससे श्रद्धालु उनके नीचे दब गए। उन्होंने बताया कि इस हादसे में छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 12 से 14 अन्य घायल हो गए।

# गोरखपुर एक के बाद एक तीन सिलेंडर फटने से दहशत, चाय की दुकान का मालिक घायल..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***गोरखपुर के असुरन इलाके में पुलिस चौकी के सामने स्थित एक चाय की दुकान पर एक के बाद एक तीन एलपीजी सिलेंडर फटने के बाद दहशत फैल गई।***

इन धमाकों से भीषण आग लग गई और स्थानीय लोग व दुकानदार अपने घरों तथा दुकानों से बाहर भागने लगे। घटना सुबह करीब 5:45 बजे सड़क किनारे स्थित पप्पू गुप्ता नामक व्यक्ति की चाय की दुकान पर हुई। पुलिस के अनुसार, सिलेंडर से गैस रिसाव के कारण आग लगी, जिसने कुछ ही पलों में दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस ने बताया कि इसके कुछ ही मिनट बाद तीन सिलेंडर फट गए, जिससे तेज धमाके हुए और पूरे इलाके में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धमाकों की तीव्रता इतनी अधिक थी कि पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और आग व धुआं तेजी से फैल गया। चूंकि दुकान पुलिस चौकी के सामने स्थित थी, इसलिए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आसपास की दुकानों और घरों से लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला ताकि किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।

घटना की सूचना मिलने पर दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। अग्निशमन कर्मियों ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने के दौरान दुकान मालिक झुलस गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।









जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा ग्रामीण
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर
बुधवार 13 मई 2026


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
सुरेश गावते देवरी
मो. 9420886573



# ओबीसी के स्वतंत्र कॉलम के लिए देवरी में हुंकार, जनगणना के बहिष्कार की चेतावनी..

## उपविभागीय अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन: सकल ओबीसी महामोर्चा की चेतावनी..



जगप्रेरणा देवरी।

***2026 की जनगणना में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के लिए स्वतंत्र कॉलम (रकाना) न होने के कारण इस समाज की भारी उपेक्षा हो रही है। केंद्र सरकार ने यदि इस जनगणना में ओबीसी की गणना स्वतंत्र***

रूप से नहीं की, तो 2027 की जनगणना का पूर्णतः बहिष्कार करने की चेतावनी देवरी के 'सकल ओबीसी महामोर्चा' द्वारा दी गई है। इस संबंध में उपविभागीय अधिकारी **(SDO)**, देवरी के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जनगणना के पहले चरण में घरों की गिनती की जा रही है। इसमें प्रश्नावली के प्रश्न संख्या 12 में, जहाँ घर के मुखिया के समुदाय के बारे में पूछा जा रहा है, वहाँ केवल सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति **(SC)** और अनुसूचित जनजाति **(ST)** के ही विकल्प दिए गए हैं। आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया है कि देश में 60 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या वाले ओबीसी समाज का उल्लेख इसमें जानबूझकर टाला गया है।

### ओबीसी की पहचान मिटाने का प्रयास..

'जिसकी जितनी संख्या, उसकी उतनी हिस्सेदारी' लोकतंत्र का मुख्य सूत्र है। यदि जनगणना में ओबीसी के सटीक आंकड़े ही सामने नहीं आए, तो उनके लिए शैक्षणिक, आर्थिक और राजनीतिक आरक्षण तथा सुविधाओं का नियोजन करना असंभव होगा। इस अवसर पर यह भावना व्यक्त की गई कि ओबीसी को 'अन्य' **(Others)** वर्ग में शामिल करना उनकी संवैधानिक पहचान को मिटाने का प्रयास है।

### प्रश्नावली में सुधार की मांग..

सरकारी विसंगतियों पर उंगली उठाते हुए ज्ञापन में कहा गया है कि संसद में कहा जाता है कि 'घर की कोई जाति नहीं होती', लेकिन वास्तव में प्रश्नावली में विशिष्ट समुदायों की जाति पूछी जा रही है। फिर केवल ओबीसी को ही इस प्रक्रिया से बाहर क्यों रखा जा रहा है? यह प्रश्न भी उठाया गया है कि यदि पहले चरण के 33 महत्वपूर्ण प्रश्नों में ओबीसी का पंजीकरण नहीं हुआ, तो भविष्य में सटीक 'इंपीरिकल डेटा' कैसे उपलब्ध होगा।

### प्रमुख माँगे..

जनगणना की प्रश्नावली में 'ओबीसी' श्रेणी के लिए तत्काल स्वतंत्र कॉलम शामिल किया जाए। 2026 की जनगणना पूरी तरह से 'जातिगत' पद्धति से की जाए। ओबीसी की आधिकारिक जनसंख्या घोषित कर उसके आधार पर नीतिगत नियोजन किया जाए।

देवरी तहसील के सकल ओबीसी समाज के सदस्यों ने चेतावनी दी है कि यदि ये माँगें पूरी नहीं हुईं, तो आने वाले समय में देशव्यापी तीव्र आंदोलन छेड़ा जाएगा। ज्ञापन सौंपते समय ओबीसी महामोर्चा के पदाधिकारी बबलू डोये, एडवोकेट पुष्पकुमार गंगबोईर, राजेश भुते, नितेश भेंडारकर, कृष्णा ब्राह्मणकर, रामेश्वर वाघाडे, रामेश्वर बहेकार, भूमिता ब्राह्मणकर और समाज के अन्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# छत्रपति शिवाजी महाराज महाराजस्व समाधान कैंप संपन्न, कैंप में अलग-अलग स्कीमों के पत्र नागरिको मे वितरित..

राकेश रोकड़े जगप्रेरणा सालेकसा।

***लोगों को एक ही जगह पर अलग-अलग काम पूरे करने और तालुका के लोगों को अलग-अलग सरकारी स्कीमों का फायदा दिलाने के लिए,***



तहसील ऑफिस सालेकसा की तरफ से नगर पंचायत सालेकसा में छत्रपति शिवाजी महाराज महाराजस्व समाधान कैंप लगाया गया। प्रोग्राम की अध्यक्षता नगर पंचायत के उपाध्यक्ष और सभापती कुंदन भारतवभाऊ बहेकार ने की, जबकि प्रमुख अतिथी विनोद मदनलाल मडावी, बांधकाम सभापती नगर पंचायत सालेकसा, नरसय्या कोंडागुर्ले तहसीलदार, विजय अवधाने उपजिला चुनाव अधिकारी गोंदिया, संजय पुरी **BDO,** नम्रता चौधरी तालुका कृषी अधिकारी, प्रमोद कांबले मुख्याधिकारी नगर पंचायत मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला व बाल कल्याण सभापती पल्लवी शिवणकर, स्वास्थ्य व जल आपूर्ति सभापती छन्नू भास्कर शिवणकर, विधायक संजय पुराम के प्रतिनिधि के रूप में नगर पंचायत के स्वीकृत सदस्य राजेंद्र हरिदास बडोले, नगरपंचायत के नगराध्यक्ष विजय फुंडे के प्रतिनिधी उनकी पत्नी लता विजय फुंडे, नगर पंचायत के समूह नेता संदीप डेकाटे, नगर पंचायत सदस्य रामबत्ती महेंद्र पुसाम, अतुल सुरेशराव रेड्डीवार, प्रेरणा दुर्गेश बंडीवार, सतीश केवलचंद करवाड़े, योगिता मनीष असाटी, प्रतिभा भाऊलाल शिवणकर, अनीता सुरेश चुटे, रितेशकुमार भागवत लिल्हारे, इठाबाई प्रमोद राउत, अमृता सुतार नायब तहसीलदार, कटाने सर नायब तहसीलदार आदि उपस्थित थे। महापुरुषों की तस्वीर का पूजन कर से शिविर का उद्घाटन किया गया। इस शिविर में राजस्व विभाग की ओर से विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं। इसमें मुख्य रूप से नए वोटर रजिस्ट्रेशन, करेक्शन, नया राशन कार्ड, जंगल के अधिकार पट्टे वालों का **KYC,** आधार रजिस्ट्रेशन और करेक्शन, प्राइमरी हेल्थ चेकअप, जन्म सर्टिफिकेट और मृत्यु सर्टिफिकेट के साथ रहने वाले सर्टिफिकेट, ई-काउंटिंग एप्लीकेशन और प्रॉपर्टी के कागज़ात बांटना, **PM** किसान, महावितरण ऐप अलग-अलग योजनाओं के लाभार्थियों को बांटे गए। मंच पर मौजूद गणमान्य लोगों ने नागरिकों को इस कैंप का महत्व समझाया और उन्हें बताया कि इसके बाद के कैंप में योजनाओं का फायदा कैसे उठा सकते हैं। कार्यक्रम की प्रास्ताविक तहसीलदार नरसय्या कोंडागुर्ले को ने की।

कार्यक्रम का संचालन प्रो. राकेश रोकड़े ने किया और आभार नायब तहसीलदार अमृता सुतार ने किया. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गजानन धूडसे प्रशासकीय अधिकारी, अतुल राठौड़, अकाउंटेंट, तलाठी डोये, नीलेश सानप, संतोष गिरेपुंजे, संगीता चाकुडहाके, बी जे पटले, संतोष गभने, असावरी गजभिये, कल्पना बहेकार, सिद्धार्थ कांबले, राहुल घरडे, सतीश खजूरिया, अक्षय पटले, शुभम शिवंनकर, माणिक पाथोड़े ने प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें।। मो। 9329033433

# तिरोड़ा के चुरड़ी निवासी श्रेयश उमाकांत सपाटे ने दसवीं में हासिल की शानदार सफलता..



## 92.80 प्रतिशत अंकों से बढ़ाया विद्यालय का मान..

जगप्रेरणा तिरोड़ा।

**सरस्वती विद्यालय, में अध्ययनरत तथा तिरोड़ा तहसील के चुरड़ी निवासी छात्र श्रेयश उमाकांत सपाटे ने S.S.C. मार्च 2026 परीक्षा में 92.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।**

श्रेयश की इस शानदार उपलब्धि से गांव सहित पूरे परिसर में खुशी का माहौल है तथा उस पर बधाइयों की वर्षा हो रही है। निरंतर अध्ययन, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं माता-पिता के प्रोत्साहन के कारण उसने यह सफलता प्राप्त की। सरस्वती विद्यालय व कनिष्ठ महाविद्यालय, अर्जुनी/ मोर तथा जी. एम. बी. हाईस्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मेधावी विद्यार्थी सत्कार समारोह में संस्था के अध्यक्ष डॉ. वल्लभदासजी भूतड़ा, सचिव सर्वेशजी भूतड़ा, तथा जयप्रकाश भैया एवं प्राचार्य पठान सर के हस्ते श्रेयश सपाटे का सम्मान किया गया। विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता की परंपरा को कायम रखते हुए विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त इस सफलता पर संस्था की ओर से संतोष व्यक्त किया गया।

## खलिहानों पर मौसम की मार..

# आसमान से बरसी 'आफत': बेमौसम बारिश से धान को नुकसान..

## कटी रखी फसलों के खराब होने का डर, किसान परेशान..

गणेश भदाडे जगप्रेरणा आमगांव।

***पिछले दो- तीन दिनों से हो रही बेमौसम बारिश और ठंडी हवाओं ने रबी की फसलों को भारी नुकसान पहुँचने आदेश जताया जा रहा है। अचानक बदले मौसम के मिजाज से***

किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, इस समय हो रही बारिश से धान, गेहूं, सरसों, चना की फसलों के लिए 'अमृत' नहीं बल्कि 'जहर' साबित हो रही है। साथ ही 80 प्रतिशत से भी लगी हुई फसल में से नुकसान की संभावनाएं जताई जा रही हैं।

### खेतों में बिछ गई फसलें..

तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के कारण कई इलाकों में धान की तैयार फसलें खेतों में ही बिछ गई हैं। इससे दानों के काले पड़ने और गुणवत्ता घटने की संभावना बढ़ गई है। वहीं, जिन किसानों ने धान की कटाई कर फसल खलिहान में रखी थी, उनकी मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। नमी के कारण फसलों में फफूंद **(Fungus)** लगने का भी खतरा पैदा हो गया है।

### किसानों का दर्द..

क्षेत्र के एक प्रगतिशील किसान डॉ टी. डी. कटरे, श्यामराव मेंढे, निखिल पशीने, उत्तम नंदेश्वर ने बताया की 'फसल पककर तैयार थी, बस कटाई की तैयारी कर रहे थे। लेकिन इस बेमौसम बारिश ने पूरी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। अब लागत निकालना भी मुश्किल लग रहा है साथ कि धान खराब होने के भी डर बना हुआ है।

### कृषि विभाग की सलाह..

कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को सलाह दी है कि वे खेतों में जल निकासी **(Drainage)** का उचित प्रबंध करें। कटे हुए अनाज को सुरक्षित स्थानों या तिरपाल से ढंक कर रखें। सरकार से मुआवजे की मांग को लेकर भी कई किसान संगठनों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपने की तैयारी कर ली है।




# आमगांव में बीड़ी मज़दूरों के हॉस्पिटल को बंद करने के फैसले का कड़ा विरोध

## 'हॉस्पिटल बंद नहीं होगा', बीड़ी मज़दूरों की विरोध की चेतावनी..



जगप्रेरणा आमगांव।

***गोंदिया ज़िले में कई परिवारों की रोज़ी-रोटी काफ़ी हद तक बीड़ी इंडस्ट्री पर निर्भर करती है। बीड़ी बनाने वाले मज़दूरों की हेल्थ सुविधाओं के लिए केंद्र सरकार के श्रम और रोज़गार मंत्रालय की तरफ़से अलग-अलग***

जगहों पर बीड़ी मज़दूरों के हॉस्पिटल शुरू किए गए हैं। लेकिन, आमगांव में बीड़ी मज़दूरों के हॉस्पिटल को बंद करने के फैसले से मज़दूरों में काफ़ी नाराज़गी और असंतोष का माहौल है। आमगांव का यह हॉस्पिटल चार तालुकाओं के बीड़ी मज़दूरों और मरीज़ों के लिए एक ज़रूरी हेल्थ सेंटर के तौर पर काम कर रहा है। यहाँ हर दिन लगभग 20 से 25 मरीज़ इलाज के लिए आते हैं। खास बात यह है कि इस हॉस्पिटल के ज़रिए बीड़ी मज़दूरों के बच्चों को स्कॉलरशिप भी दी जाती है। जानकारी के मुताबिक, आमगांव के हॉस्पिटल में लगभग 5 हज़ार ऑनलाइन रजिस्टर्ड बीड़ी मज़दूर हैं, जबकि लगभग 12 हज़ार मज़दूर अभी भी ऑनलाइन प्रोसेस से वंचित हैं। ऐसे में डर है कि अगर क्लिनिक बंद हुआ तो हज़ारों मज़दूरों को हेल्थ सुविधाओं से दूर जाना पड़ेगा। मज़दूरों के मुताबिक, अगर यह क्लिनिक बंद हुआ और सर्विसेज़ गोंदिया में शिफ्ट की गईं तो गांव के गरीब मज़दूरों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए, बीड़ी मज़दूरों ने कड़ा रुख अपनाया है कि वे किसी भी हालत में क्लिनिक बंद नहीं होने देंगे। साथ ही, मज़दूरों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने यह फैसला वापस नहीं लिया तो वे इसका कड़ा विरोध करेंगे।

इस बीच, अब सबका ध्यान इस बात पर है कि केंद्र सरकार बीड़ी मज़दूरों की भावनाओं का ध्यान रखते हुए इस मामले में क्या फैसला लेती है। इस मौके पर सासंद प्रतिनिधि दुष्यंत किरसन और विधायक प्रतिनिधि मनोज सोमवंशी, राम चक्रवती ने बीड़ी मज़दूरों से मिलकर उन्हें भरोसा दिलाया कि यह क्लिनिक बंद नहीं होगा, संबंधित मंत्रियों से मिलकर क्लिनिक शिफ्ट करने का ऑर्डर कैंसल किया जाएगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में बीड़ी मज़दूर और पुरुष-महिला नागरिक मौजूद थे।

# शौर्य, संस्कृति और स्वाभिमान का भव्य संगम..

## तिरोड़ा में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती..

## राजस्थानी लोकसंगीत बना आकर्षण का केंद्र..




जगप्रेरणा तिरोडा।

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती उत्सव तिरोड़ा शहर में बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गया। सुकड़ी नाका स्थित महाराणा प्रताप चौक पर आयोजित कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन के दौरान पूरे परिसर में राजपूताना शौर्य, संस्कृति और एकता का माहौल दिखाई दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद राजस्थान के जैसलमेर से आए कलाकारों द्वारा राजपूताना इतिहास और राजस्थानी लोकसंगीत पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कलाकारों की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीत और वीर रस से ओतप्रोत प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा।

कार्यक्रम में समाज के महिला, पुरुष, युवा और वरिष्ठ नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। आयोजन के दौरान समाज की एकता और सांस्कृतिक परंपरा का विशेष संदेश दिया गया। आयोजकों ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है तथा युवाओं को उनके आदर्शों से सीख लेनी चाहिए।

यह आयोजन राजपूत महिला संगठन एवं राजपूत समाज संगठन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में विधायक विजय रहांगडाले ने भी उपस्थित होकर समाज को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का संघर्ष और स्वाभिमान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

इस अवसर पर तिरोड़ा शहर के कई गणमान्य नागरिक, समाजसेवी और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन और उत्साह का माहौल बना रहा। आयोजकों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप में किया गया और भविष्य में भी इसी तरह समाज की संस्कृति और इतिहास को आगे बढ़ाने का प्रयास जारी रहेगा।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### लेमन स्वीट लॉज के सामने से मोटरसाइकल चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 10/5/2026 के रात मे फर्यादी रुपेन्द्र संतोष नागपुरे उम्र 27 वर्ष निवासी मोहनटोला ने अपनी होंडा फॅशन प्रो क्रमांक एम एच 35 एपी 0113 किमत 20 हजार रुपये की लेमन स्विट लॉज के सामने रखी थी। घटना तारीख की रात मे अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 272/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोना नागदेवे 1873 पोस्टे गोंदिया कर रहे है।

### रेती चोर ट्रॅक्टर ट्राली सहीत गिरफ्तार मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के दवनीवाडा पुलिस थाना अंतर्गत रेती चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 11/ 5/ 2026 के रात 8 बजे के दरम्यान नवेगाव मे फर्यादी पोहवा महेश देवदास राठोड दवनीवाडा अपनी ड्यूटी पर थे। पेटोलिंग करते समय आरोपी ने अपने निले रंग के ट्रॅक्टर ट्राली क्रमांक एम एच 35 एजी 7060 मे 1 ब्रास रेती भरकर ले जा रहा था। उसे रोककर पुछताछ की तो बिना पास परमीशन के रेती चोरी करते समय पकडाये जाने से ट्रॅक्टर ट्रॉली किमत 6 लाख रुपये,1 ब्रास रेती किमत 6 हजार रुपये, कुल 6 लाख 6 हजार रुपये का माल जप्त कर दिये शिकायत पर पोस्टे दवनीवाडा मे अपराध क्रमांक 297/2026 धारा 303,2,305, ई, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सफौ सचिन टेंभुर्णीकर 317 पोस्टे दवनीवाडा कर रहे है।

### आम खाने की बात पर सगे भाईयो मे हुई मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 11/5/2026 के 8 बजे के दरम्यान पिपरटोला मे फर्यादी और आरोपी सगे भाई होकर घटना के समय आरोपी खेत से आम तोंडकर घर आया फर्यादी के बडे भाई ने फर्यादी से कहा तु खेत के आम क्यो तोडता है, बोलकर लकड़ी से मारपीट की और आगे देख लेने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 248/2026 धारा 118,1,352,351,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा डोंगरे 752 पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

### स्पार्किंग से जख्मी हुवे युवक की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के दवनीवाडा पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 21/4/2026 के दोपहर 4 बजे के दरम्यान ग्राम वळद मे वैभव मुरलीधर कोहरे उम्र 24 वर्ष निवासी वळद अपने बकरी चरा रहा था, बकरी चराते समय टावर के नीचे छाव मे बैठा था टावर मे स्पार्क होने से आग वैभव पर गिरी वह जख्मी होने से उसे उपचार के लिये त्रिशा हास्पीटल गोंदिया मे भर्ती कराया गया प्राथमिक उपचार कर उसे लता मंगेशकर अस्पताल नागपुर रेफर किया गया जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मर्ग के कागजपत्र पोस्टे दवनीवाडा मे प्राप्त होने से पोस्टे दवनीवाडा मे अकस्मात मौत क्रमांक 08/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा गुलाबदास तुरकर 1501 पोस्टे दवनीवाडा कर रहे है।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा

# गोंदिया भंडारा

तिरोड़ा • गोरेगांव • आमगांव • सालेकसा • देवरी • मोरगांव अर्जुनी • तुमसर • साकोली • लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

...और दिखाओ...और दिखाओ
और दिखाओ...और दिखाओ...!!!
...खुबसुरत साड़ियों के लिए तो सिर्फ...यहींच...संभव
बरकरार रखों
चुनने का मजा...
मो. 9325481081
9423113147
पंकज
खास साड़ियों का खास संग्रह
गोंदिया



# गोंदिया-कोहमारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीषण हादसा, दुर्घटनाग्रस्त ट्रक से टकराई यात्री बस..

## 1 यात्री की मौत, 10-12 यात्री घायल..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया जिले के अंतर्गत मंगलवार तड़के गोंदिया - कोहमारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गोरेगांव के समीप जानाटोला इलाके में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 से 12 यात्री घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब सड़क के बीचों-बीच पलटे हुए ट्रक का अंदाजा न*

लग पाने के कारण तेज रफ्तार ट्रैवल्स बस ट्रक से जा टकराई और फिर सड़क किनारे पलट गई। मृतक यात्री की पहचान फुलेल खिरवार (30 वर्ष), निवासी जिला खैरागढ़, छत्तीसगढ़ के रूप में हुई है। घायलों का इलाज गोंदिया के सरकारी और निजी अस्पतालों में जारी है। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तड़के कोहमारा मार्ग से जा रहे एक मालवाहक ट्रक चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया, जिससे ट्रक गोरेगांव शहर के पास जानाटोला इलाके में पेट्रोल पंप के सामने सड़क के बीच पलट गया। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद मौके पर पुलिस द्वारा तत्काल बैरिकेडिंग या चेतावनी संकेत नहीं लगाए गए थे। इसी दौरान एक निजी ट्रैवल्स बस उसी मार्ग से गुजर रही थी। अंधेरा और सड़क पर अचानक दिखाई दिए पलटे ट्रक के कारण चालक को वाहन नियंत्रित करने का मौका नहीं मिला।

ट्रैवल्स बस ट्रक से जोरदार टकराई और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे की आवाज इतनी तेज थी कि पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद स्थानीय नागरिकों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए गोंदिया भेजा गया। कुछ समय तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित रहा। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात बहाल कराया। इस हादसे ने एक बार फिर राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षा इंतजाम किए गए होते, तो शायद यह दूसरा बड़ा हादसा टल सकता था। गोरेगांव पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# स्व. जय गोलानी की स्मृति में जेबी फाऊंडेशन द्वारा आयोजित किया गया विशाल हृदय जाँच शिविर..









जगप्रेरणा गोंदिया।

*'मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है' के ध्येय को चरितार्थ करते हुए स्थानीय जे.बी. फाऊंडेशन द्वारा सव. जय गोलानी की स्मृति में एक विशाल हृदय स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि 31 जनवरी 2026 को स्वास्थ्य जागरूकता के अभाव में मात्र 43 वर्ष की आयु में जय गोलानी के आकस्मिक निधन ने उनके मित्र मंडली को झकझोर*

कर रख दिया था। अपने प्रिय मित्र को सच्ची श्रद्धांजलि देने हेतु उनके दोस्तों ने उनके जन्मदिन 10 मई को सेवा के संकल्प के साथ यादगार बना दिया। जाँच शिविर का भव्य उद्घाटन पूज्य अनंदपुर कुटिया की संत अनुराग हीरानंद बाईजी और दादी रानी के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्व. जय गोलानी की सुपुत्री किम गोलानी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में गणमान्य अतिथियों के रूप में विधायक विनोद अग्रवाल, नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे, सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष दरियानोमल आसवानी, पार्षद रिंकू आसवानी, पंकज यादव, कल्लू यादव, डॉ. शाश्वत सोनटके एवं बी.जे. हॉस्पिटल की डॉ. लता जैन एवं उपस्थित अतिथियों ने स्व. जय गोलानी के सेवाभावी व्यक्तित्व का स्मरण किया और फाउंडेशन के इस उपक्रम की सराहना की।

### मात्र 100 रुपये में की गई जटिल जांचें..

गौरतलब है कि सहयोग हॉस्पिटल के तकनीकी सहयोग से आयोजित इस शिविर में केवल 100 रुपये के सांकेतिक शुल्क पर ईसीजी, ईको, बी.पी. एचबी एवनसी, और लिपिड प्रोफाइल जैसी महत्वपूर्ण जांचे की गई। शिविर का मुख्य उद्देश्य मध्यम और जरूरतमंद वर्ग के बीच हृदय रोगों के प्रति जागरूकता फैलाना था। आयोजन में 220 से अधिक नागरिकों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया।

### आगामी सेवा प्रकल्प

संस्था के अध्यक्ष मनोज दुर्गानी ने भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जे.बी. फाऊंडेशन आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाएँ, नियमित कैंप, सीक बेड सर्विस (मरीजों के लिए बेड) और जरूरतमंदों को निरंतर मेडिकल सहायता उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का भावपूर्ण संचालन डॉ. हरीश कुमार खत्री ने किया तथा आभार प्रदर्शन सुनील अनवानी द्वारा किया गया। शिविर को सफल बनाने में सचिव जैकी थदानी, कोषाध्यक्ष जगदीश दीवानी, विजय गोलानी, गोविंद वनवानी, अजय संगतानी, कमल आडवाणी, तुलसी खटवानी, मनीष गोलानी, रूपेश गंगवानी, प्रकाश खटवानी, गिरीश गोलानी, रवि ठकरानी, कुशल कोडवानी, नितेश संगतानी, राकेश मनुजा एवं विवेक अरोरा सहित सभी सदस्यों ने अथक परिश्रम किया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों, आश्रमों और पंचायतों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# श्रीनगर स्थित जेतवन बुद्ध विहार द्वारा किया गया जिला बार एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारी वकीलों का सम्मान

## डॉ. आंबेडकर जयंती के कार्यकर्ताओं को प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम भी उत्साहपूर्वक संपन्न..







जगप्रेरणा गोंदिया।

*जिला बार एसोसिएशन के नव नियुक्त पदाधिकारी वकीलों का सत्कार और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सार्वजनिक जयंती उत्सव समिति के परिश्रमी व कलाकार कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ।*


श्रीनगर स्थित जेतवन बुद्ध विहार में आयोजित इस कार्यक्रम में गोंदिया जिला बार एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष एडवोकेट सचिन बोरकर, साथ ही एडवोकेट एकता गणवीर और एडवोकेट परवेज शेख का शाल और पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयंती समिति के अध्यक्ष अरविंद भावे ने की। मंच पर सम्मानित अतिथियों के साथ दिनेश उके, नानाजी शेंडे और कविता उके उपस्थित थे।

एडवोकेट सचिन बोरकर ने तथागत बुद्ध और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमाओं को नमन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मंच पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि फुले-आंबेडकरवादी विचारधारा को आत्मसात किए बिना कोई विकल्प नहीं है।

इसी दौरान, माध्यमिक शालांत परीक्षा (स्स्ट) में 99.60त्न अंक प्राप्त कर गोंदिया जिला टॉपर रही छात्रा खुशी सुखदेवे का भी समिति की ओर से सम्मान और कौतुक किया गया। साथ ही, तथागत बुद्ध जयंती के अवसर पर आयोजित जुलूस के दौरान जिन कार्यकर्ताओं ने विभिन्न झांकियों के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था, उन्हें भी जयंती समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यकर्ताओं में राजश्री गोंडणे और समूह, भूमिका रामटेके और समूह, तक्षशिला गडपायले और समूह, अनिल मौर्य और समूह, नानाजी शेंडे और समूह, और सुशील गणवीर और समूह इसमें शामिल हैं। जुलूस (मीरवणूक) के दृश्यों के दौरान छोटे बच्चों ने महापुरुषों की भूमिकाएं निभाई। इनमें आरोही आनंद मेश्राम ने तथागत बुद्ध की, आयरा अनिल मौर्य ने माता रमाई की, दिव्यांश मनोज रंगारी ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की, श्रेयस जितेंद्र देशभ्रतार ने महात्मा ज्योतिबा फुले की और अर्पिता रूपेश नागदेवे ने सावित्रीबाई फुले की भूमिका साकार की।

हर्ष गोंडाने, हर्षित रामटेके, आदि भौतमांगे, आरुष मेश्राम, रोणीत बंसोड, उमंग मडावी, सावी रामटेके, तन्वी बोरकर, साची विशाल देशभ्रतार, योष्णा प्रमोद लांजेवार, अर्विक विशाल डहाट, पूजा बनसोड, प्रांजल बनसोड, वीर अर्जित, आरजू वैद्य, माही वैद्य, शैवी वैद्य और नीती मेश्राम प्रशस्ति पत्र के हकदार बने। साथ ही अंकुर गजभिये और पृथ्वीराज कोल्हटकर को भी प्रमाण पत्र देकर उनके कार्यों की प्रशंसा की गई। कार्यक्रम की प्रस्तावना अरविंद भावे ने रखी, संचालन सुशील गणवीर ने किया और आभार प्रदर्शन पराग मेश्राम ने किया। कार्यक्रम की सफलता के लिए अंकुर गजभिये, विलास वासनिक, पंकज वासनिक, अशोक कांबले, नूरलाल उके, ताजराम उके, सुनील मेश्राम, राजू देशभ्रतार और जयंती समिति के कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम किया।

# प्रोग्रेसिव मराठी हाईस्कूल का कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम पुनः रहा शत-प्रतिशत..




जगप्रेरणा गोंदिया।

महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा मंडल, पुणे (महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड) द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम हाल ही में घोषित किए गए।

श्रीमती उमाबाई बहुउद्देशीय शिक्षण संस्था द्वारा संचालित एवं स्टेट बोर्ड से संलग्न प्रोग्रेसिव मराठी हाईस्कूल ने इस वर्ष भी शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त कर अपनी सफलता कायम रखी है। विद्यालय के प्रतिभावान छात्र मा. सार्थक आष्टीकर ने 93.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर कु. भावना देशमुख ने 92.00 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि कु. पल्लवी शेंडे ने 91.80 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम में कु. नीलम बिसेन ने 91.40 प्रतिशत, मा. रौनक डेकाटे ने 90.60 प्रतिशत, कु. नंदिनी देशमुख ने 90.00 प्रतिशत, मा. खिलेश पटले ने 90.00 प्रतिशत, मा. आर्यन आष्टीकर ने 89.40 प्रतिशत, मा. तुषार थेर ने 89.00 प्रतिशत, कु. रुचिता बिसेन ने 88.00 प्रतिशत, मा. यश लांजेवार ने 87.40 प्रतिशत, मा. भाग्येश चुटे ने 85.80 प्रतिशत, कु. प्रांजल लिचडे ने 85.60 प्रतिशत, मा. खशमीत बनेवार ने 84.00 प्रतिशत, कु. पलक हलमारे ने 81.40 प्रतिशत तथा मा. आर्यन नाईक ने 80.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया।

विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर संस्थाध्यक्ष डॉ. पंकज कटकटवार, उपाध्यक्ष श्रीमती अल्का पी. कटकटवार, संस्था सचिव डॉ. निरज कटकटवार, संचालिका श्रीमती लीना एन. कटकटवार, प्राचार्य निधी व्यास, सुशिला भोयर, ओ.टी. रहांगडाले, वीणा कावळे, तुमेश पारधी, पुष्तकला फुंडे, रमेश पारधी, भागचंद लांडे, लेंडे, सिमरन बास्के, लोकेश्वरी रहांगडाले तथा ओमेश्वर तांडेकर ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

गोंदिया शहर में दैनिक जगप्रेरणा की प्राप्ति हेतु संपर्क करें..
जग प्रेरणा
चौरसिया पान सेंटर
जय स्तंभ चौक बस स्टॉप, गोंदिया
मो. 08806083231

प्लॉट बेचना है..
गोंदिया शहर में सराफा मार्केट में होटल ताज दरबार के बाजू में और आईसीआईसीआई बैंक और हनुमान मंदिर के सामने स्थित 7050 वर्गफुट का प्लॉट बेचना है। चारों तरफ से बाउंड्री से सिक्योर्ड है और 3 तरफसे रोड है। संपर्क करें..
मो. नं. 9300693881
मो. नं. 9179739502

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता



रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com